दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश-विदेश 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 9 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 29 अप्रैल 2023, कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक-74 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

खुद को चतुर समझने वाला कौआ गंदगी में ही मुंह मारता है। अपने आप को सबसे ज्यादा पढ़ा लिखा, सबसे होशियार और कट्टर ईमानदार बतलाने वाले घुंघरू सेठ ने जिन खबरिया चैनलों को अरबों का विज्ञापन देकर उनपर अपना चौखटा चमकाया था। वहीं चैनल उनकी काली कारतूतों को उजागर कर रहे है। खबरिया चैनलों में बंगला कथा वाचने की होड़ लगी है। खुद के अलावा सभी को भ्रष्ट और बेईमान बताने वाले दिल्ली के सुल्तान के लिए यही कहा जा सकता है कि जिसका अपना राजमहल शीशे का हो वह दूसरों पर पत्थर नहीं मारते घुंघरू सेठ।

//-- सुविचार --//

दुनिया में हर व्यक्ति अलग है। इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा स्वीकार करना सीखें!

जनसंख्या

विश्व : 8,030,093,023

भारत : 1,419,139,478

बाजार

सेंसेक्स : 61112.44

निफ्टी : 18065.00

गोल्ड : 60,970 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 76,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.36 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	34.4	19.8
बिलासपुर	36.4	23.3
जगदलपुर	33.2	22.9
अंबिकापुर	34.4	22.6

आज का दिवस

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की शुरुआत 29 अप्रैल 1982 से हुई। यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टिट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में स्थापित किया। एक महान रिफॉर्मर जीन जार्ज नावेरे के जन्म की स्मृति में यह दिन अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। मनाने का उद्देश्य है अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस को पूरे विश्व में मनाने का उद्देश्य जनसाधारण के बीच नृत्य की महत्ता का अलख जगाना था। साथ ही लोगों का ध्यान विश्वस्तर पर इस ओर आकर्षित करना था। जिससे लोगों में नृत्य के प्रति जागरुकता फैले। साथ ही सरकार द्वारा पूरे विश्व में नृत्य को शिक्षा की सभी प्रणालियों में एक उचित जगह उपलब्ध कराना था। सन 2005 में नृत्य दिवस को प्राथमिक शिक्षा के रूप में केंद्रित किया गया। विद्यालयों में बच्चों द्वारा नृत्य पर कई निबंध व चित्र भी बनाए गए। 2007 में नृत्य को बच्चों को समर्पित किया गया।

बीजेपी विधायक ने सोनिया को कहा विषकन्या...

छग में कांग्रेसी दर्ज कराएंगे एफआईआर

■ सीएम बोले-हर बार सोनिया गांधी को टारगेट किया जाता है, मोदी-शाह इस पर क्या कहेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी रण के दौरान राजनीतिक दल के नेताओं के शब्द बाण , रैली दर रैली तीखे होते जाते। पार्टी के छोटे कार्यकर्त्ता से लेकर प्रमुख तक कुछ भी आपत्ति जनक कहने से परहेज नहीं करते। ऐसे ही कुछ कर्नाटक चुनाव में देखने को मिल रहा। कर्नाटक के कालाबुरगी एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मलिक्कार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को जहरीला सांप कह दिया। पीएम मोदी पर इस बयान के पर अब कर्नाटक के भाजपा विधायक बासनगौड़ा ने शुक्रवार को सोनिया गांधी को विषकन्या कह दिया। इस पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ी आपत्ति जताई है। धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा में भेंट मुलाकात के लिए रवाना होने से पहले सीएम ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सोनिया गांधी को विषकन्या कहा जा रहा है, अब इस बयान पर मोदी और शाह क्या कहेंगे? इससे भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र चेहरा समझ में आ गया है। सीएम ने इस मामले में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराने की बात कही है। सीएम ने कहा कि बीजेपी हर बार सोनिया गांधी को टारगेट करती है। उनके राष्ट्रीय नेताओं ने सोनिया गांधी के बारे में कितनी बार अनर्गल बातें कही हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्रीय मंत्री स्मृति पर भी साधा निशाना : चुनाव प्रचार के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को जहरीला सर्प बताया था, स्मृति ईरानी कह रही हैं भले ही शब्द खड़गे के हो, लेकिन लेकिन विष गांधी परिवार का है। इस पर बघेल ने कहा की स्मृति ईरानी को गांधी परिवार के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता। वहीं सीएम ने बस्तर में बीजेपी नेताओं को पर्याप्त सुरक्षा नहीं देने के आरोप को लेकर कहा कि बीजेपी और कांग्रेस में कोई भेदभाव नहीं है। सुरक्षा रोड ओपनिंग पार्टी देती है और वो सीआरपीएफदेती है, जो केन्द्र के अंडर है और बीजेपी को तो छत्तीसगढ़ पुलिस पर भरोसा ही नहीं है।

सेमरा में ग्रामीणों से जानी जमीनी हकीकत

शुक्रवार को सीएम भूपेश बघेल धमतरी जिले के कुरूद विधानसभा में भेंट मुलाकात के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां सेमरा ग्राम में ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानी। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर 82 करोड़ 39 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। लोकार्पित होने कार्यो में 45 करोड़ 27 लाख रुपए के 31 कार्य शामिल हैं। 37 करोड़ रुपए की लागत से 34 कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि हम लोग श्रमिकों के लिए भी कार्य कर रहे हैं। भूमिहीन श्रमिकों को राशि दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई दिवस के अवसर पर श्रमिकों के लिए रायपुर में सम्मेलन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी में अपनी चर्चा में मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से कहा कि आप मन के झारा-झारा न्योता हे।

देश में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर

छत्तीसगढ़ समेत 20 राज्यों में 91 एफएफ ट्रांसमीटर्स शुरू

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के 18 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 84 जिलों में 91 एफएम ट्रांसमीटर्स के उद्घाटन किए. पीएम मोदी ने कहा, 'जब रेडियो और एफएम की बात आती है तो इसके साथ मेरा रिश्ता एक भावुक श्रोता के साथ-साथ एक मेजबान का भी है.'उन्होंने कहा, 'आज ऑल इंडिया रेडियो की (एआईआर) एफएम सेवा का विस्तार अखिल भारतीय एफ एम बनने की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है. ऑल इंडिया एफएम के 91 एफएम ट्रांसमीटर्स की शुरुआत देश के 85 जिलों 2 करोड़ लोगों के लिए उपहार है.' देश के 18 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 84 जिलों में 91 नये 100 वाट वाले एफ एफ ट्रांसमीटर्स लगाए गए हैं. केंद्र सरकार द्वारा इस विस्तार का विशेष ध्यान आकांक्षी जिलों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ को मिले दो एफएफ ट्रांसमीटर्स

छत्तीसगढ़ को भी दो एफएफ ट्रांसमीटर्स मिले। बालोद जिले के दल्लीराजहरा में पीएम मोदी ने संस्थापित 100 वॉट क्षमता वाले एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कांकेर सांसद मोहन मंडावी एवं आकाशवाणी की टीम सहित दल्लीराजहरा नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में एफएम रेडियो की गूंज अब सुनाई देने लगेगी। वहीं छग में दूसरा ट्रांसमीटर्स दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला में शुरू हुआ है।

अतीक-अशरफ केस में सुको ने यूपी सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज (एजेंसी)। अतीक और अशरफ मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी सरकार से जवाब मांगा। अदालत ने मर्डर केस की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सरकार से पूछा है कि बताइए कि उस दिन क्या हुआ और जांच में अब तक क्या-क्या हुआ? इसके अलावा कोर्ट ने 24 फरवरी को हुए उमेश पाल मर्डर केस के आरोपियों के एनकाउंटर की रिपोर्ट भी मांगी है। कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा कि हत्यारों को यह जानकारी कैसे मिली कि अतीक-अशरफ को अस्पताल ले जाया जा रहा है। अतीक-अशरफ को ले जा रही गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया? मामले में अगली सुनवाई 3 हफ्ते बाद होगी। अतीक-अशरफ की 15 अप्रैल की रात 10:35 बजे प्रयागराज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के आईएएस टुटेजा को सुको से राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आईएएस अनिल टुटेजा के खिलाफ ईडी फिलहाल गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस पर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है। अनिल टूटेजा पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। याचिका अनिल टुटेजा - यश टुटेजा की ओर से दाखिल की गई थी। शुक्रवार को इस पर जस्टिस संजय किशन कौल, और एहसानुद्दिन अमनउल्लाह दो जजों ने सुनवाई करके फैसला सुनाया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से ईडी की तरफ से की जा रही कार्रवाई को गलत बताया गया। याचिका में कोर्ट से गुजारिश की गई थी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेहूदे बयानों के बावजूद देश को मोदी पर भरोसा : भाजपा

नई दिल्ली (वार्ता)। भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'जहरीला सांप' बताये जाने को शर्मनाक बताते हुए कहा कि इतनी बेहूदा टिप्पणी के बावजूद देश की जनता को मोदी पर पूरा भरोसा है। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता अजय आलोक को पार्टी की सदस्यता दिलाये जाने के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, कांग्रेस की घिनौनी संस्कृति और उसकी नकारात्मक मानसिकता खड़गे जी के शब्दों से स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है। किसी की भी इतनी बेहूदा और शर्मनाक टिप्पणी के बावजूद देश को मोदी पर पूरा भरोसा है। भारत के इतिहास में किसी नेता के पास इतना नैतिक शक्ति नहीं है जितना मोदी जी के पास है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर की साजसज्जा के बारे में रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर वैष्णव ने कहा कि देश को केजरीवाल ने धोखा दिया है। उन्होंने जो भी कहा, उसे पूरा नहीं किया। आज जनता सब जान गयी है। उन्होंने कहा कि आज के नागरिकों की जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरा कर रहे हैं। नए विकास की सोच, नया विचार और एक नयी मानसिकता लेकर आ रहे हैं। इससे पहले वैष्णव ने जदयू नेता आलोक को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर भाजपा में उनका स्वागत किया। अजय आलोक ने कहा कि बिहार में जनता सकारात्मक परिवर्तन चाहती है और नीतीश कुमार ने खुद के बारे में जो प्रतिमान गढ़े थे, उन्हें वह स्वयं ध्वस्त कर रहे हैं। वह विरोधाभासों में घिर गये हैं और बिहार के लोग अब उनसे निजात पाना चाहते हैं। वह मोदी को आशा से देख रहे हैं और बिहार को उत्तर प्रदेश की तर्ज पर विकसित होते देखना चाहते हैं।

नफरती भाषण मामले में सुको सख्त एफआईआर करने के दिए आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने नफरती भाषण मामले में कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को नफरती भाषण मामले पर सुनवाई करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वह नफरती भाषणों को लेकर मामले दर्ज करें, भली ही कोई शिकायत नहीं की गई हो। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि नफरती भाषण के मामलों को दर्ज करने में की गई देरी कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। कोर्ट ने कहा कि नफरती भाषण को एक गंभीर अपराध करार दिया, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने में सक्षम है। मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए बयान देने वाले के धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड सरकार को ये आदेश दिया था। अदालत ने कहा कि हेट स्पीच एक गंभीर अपराध है, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं? यह दुखद है। न्यायाधीश गैर-राजनीतिक हैं और उन्हें पार्टी ए या पार्टी बी से कोई सरोकार नहीं है और उनके दिमाग में केवल भारत का संविधान है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट देश के विभिन्न हिस्सों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जो है वो चोरी की सरकार है : राहुल

कलबुर्गी (कर्नाटक) (एजेंसी)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। जीत को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के नेता एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इसी कड़ी में कर्नाटक के कलबुर्गी में चुनाव प्रचार के दौरान पहुंचे राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला करते हुए जमकर बरसे। राहुल गांधी ने कहा कि हम कर्नाटक चुनाव जीतेंगे और यहां सरकार बनाएंगे, हमें सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता और यह भी तय है कि चूंकि बीजेपी को 40 नंबर सबसे ज्यादा पसंद हैं। ऐसे में कर्नाटक के लोग उन्हें केवल 40 सीटें देंगे। कर्नाटक में कांग्रेस को कम से कम 150 सीटें मिलेंगी। एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में जो सरकार है, वो चोरी की सरकार है। सबसे पहले वो सरकार आपने नहीं चुनी थी, बीजेपी के लोगों ने पैसा देकर, एमएलए खरीदकर वो सरकार चोरी की, उसके बाद हर काम में बीजेपी ने 40 परसेंट कमीशन लिया, तो इसलिए हमें 40 परसेंट सरकार कहना चाहिए। राहुल ने कहा कि कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर बताया कि कर्नाटक में कोई भी काम करने के लिए 40 प्रतिशत रिश्वत देनी पड़ती है, लेकिन पीएम ने इसका जवाब नहीं दिया। कर्नाटक में अब हमारी सरकार आने वाली है। इसे कोई नहीं रोक सकता।

पहलवानों ने कहा- हमें किसी जांच कमेटी पर भरोसा नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। यौन शोषण के खिलाफ पिछले कई दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे भारतीय पहलवानों ने शुक्रवार को प्रेस-कांफ्रेंस की। इस दौरान पहलवानों ने आरोपी बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रतिक्रिया दी। महिला पहलवान विनेश फ ोगाट ने कहा कि बृजभूषण सिंह को सभी पदों से हटाया जाना चाहिए। उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है और वह अब तक हुई जांच से संतुष्ट हैं। देश का भविष्य अगर स्पोर्ट्स में बचाना है तो हमें एक साथ आना होगा। अगर वह कुश्ती संघ के अध्यक्ष बने रहे तो पद का दुरुपयोग कर सकते हैं। विनेश फोगाट ने कहा कमेटी जो बनाई गई थी उसके एक आर्टिकल में हमने पढ़ा था कि एक लड़की ने यौन शोषण की शिकायत की थी। अगर एक लड़की ने भी शिकायत की है तो उसके आधार पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी। हमें किसी कमेटी और किसी सदस्य पर भरोसा नहीं है। वहीं साक्षी मलिक ने कहा कि उन्हें दिल्ली पुलिस पर भी भरोसा नहीं है। पहलवानों ने खेल मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर ने उनका फोन नहीं उठाया। पहलवानों ने कहा कि आप स्पोर्ट्स को बचाने के लिए हमारे समर्थन में आइए। ये लड़ाई सिर्फ एफआईआर की नहीं है। एफआईआर पहले दिन ही हो जानी चाहिए थी। खेलों को ऐसे लोगों के चंगुल से बचाना होगा। साथ ही पहलवानों ने साफ कर दिया कि किसी कमेटी को वह कोई जवाब नहीं देंगे। पहलवानों ने साफ किया है कि जब तक बृजभूषण सिंह जेल में नहीं जाते हैं तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं बजरंग पूनिया ने कहा मुझे लगता है कि बृजभूषण पर तुरंत कार्रवाई करना चाहिए और तुरंत जेल भेजना चाहिए।

गरमा-गरम

चेतावनी... अंदरूनी कलह पर बिफरे प्रभारी

बंद कमरे में बड़े नेताओं को माथुर की दो टूक, अब गुटबाजी नहीं चलेगी

दीपक सिंह राजपूत

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव ओम माथुर ने अपने दुर्ग प्रवास के दरम्यान संभाग के बड़े नेताओं को गुटबाजी रोकने की सख्त हिदायत दी हैं। उनके तल्ख तेवर से स्तब्ध बड़े नेता सिर्फ उनकी बात सुनते रहे। नहीं तो आमतौर पर बन्द कमरे में शिकवा शिकायतें होती रहती है। फिलहाल वे राज्य के प्रवास पर हैं और संभागवार कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर रिचार्ज कर रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने दुर्ग संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आसन्न विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गाइड लाइन तो दी ही साथ ही संभाग के ही बड़े नेताओ को बन्द कमरे में समझा दिया कि अब गुटबाजी नहीं चलेगी और टिकिट तो बिलकुल भी मत मांगना। पार्टी जो काम दे उसे नहीं कर पा रहे हो तो पहले बता देना। दरअसल, दुर्ग संभाग की 20 सीटों में से मात्र राजनांदगाव से डॉ. रमन सिह और वैशालीनगर से विद्यारतन भसीन ही भाजपा के विधायक हैं बाकि 18 सीटें कांग्रेस के पास है। भाजपा के बड़े नेताओं के हाल ये है कि सभी एक दूसरे के समर्थकों को हराने और जिताने खुलाघात करते हैं। पिछले साल संगठन में फेरबदल कर भाजपा ने कुछ डेमेज कन्ट्रोल करने की कोशिश की है लेकिन इसका असर धरातल पर नहीं दिख रहा है। इसी संभाग से बड़े नेता के रूप में राज्यसभा सासंद सरोज पांडे स्थानीय स्तर पर प्रेमप्रकाश पांडे और राज्य के स्तर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिह के नेतृत्व के चुनौती देती रही हैं। स्थानीय सांसद विजय बघेल से उनकी अदावत जगजाहिर है। यही वजह रही कि इन सभी नेताओं को बन्द कमरे में एक साथ बिठाकर भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने साफ शब्दों में समझा दिया है कि अपने निजी हित और अहम छोड़कर पार्टी के लिए काम करना होगा।

रूस ने यूक्रेन पर दागीं 23 मिसाइलें, 16 की मौत

कीव (एजेंसी)। रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर एक के बाद एक 23 मिसाइलों से हमला किया। इसमें अलग-अलग शहरों में 3 बच्चों समेत 16 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्टस के मुताबिक उमान शहर में 13 लोगों की मौत हुई। जबकि 9 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निप्रो में मिसाइल ने एक घर को चपेट में ले लिया जिससे एक 2 साल की बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हुए। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। यूक्रेन की राजधानी कीव और क्रेमेनचुक शहर में भी धमाके हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया की रूसी मिसाइलों के हमले में 10 रहवासी इमारतें भी चपेट में आई हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि शैतानों को केवल हथियारों से रोका जा सकता है, रूस पर पाबंदियां बढ़ानी चाहिए। वहीं कीव शहर के मिलिट्री प्रशासन ने के मुताबिक पिछले 51 दिनों में यह यूक्रेन की राजधानी पर हुआ पहला हमला है। हमले में तबाह हुई इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति ने रॉयटर्स को बताया कि हमला इतना तेज था कि आसपास सब कुछ हिलने लगा, फिर एकदम से धमाका हुआ। वहीं, एक दूसरे व्यक्ति ने बताया कि उसने पहले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

दिल्ली मेट्रो में हरकत करता दिखा युवक

दिल्ली (ए.)। दिल्ली मेट्रो अजीब हरकतें करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर दिल्ली मेट्रो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक अश्लील हरकत करता हुआ नजर आ रहा है। उसकी हरकत पर यूजर्स का भड़क गए। लोग उसके खिलाफ एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले पर छरूक्रष्ट (दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन) ने भी बयान जारी किया है। छरूक्रष्ट ने कहा कि हम यात्रियों से मेट्रो में यात्रा करते समय जिम्मेदारी से व्यवहार करने का अनुरोध करते हैं। छरूक्रष्ट ने कहा कि अन्य यात्री इस तरह के आपत्तिजनक व्यवहार को देखते हैं, तो वे कॉरिडोर, स्टेशन, टाइम आदि का विवरण देते हुए तुरंत छरूक्रष्ट हेल्पलाइन पर मामले की सूचना दें। लड़का मेट्रो में एक सीट पर बैठा हुआ है और उसकी बगल वाली सीट पर एक लड़की बैठी हुई है। आसपास और भी यात्री मौजूद हैं। तभी युवक अचानक अश्लील हरकत करने लगता है। उसकी करतूत देख कुछ यात्री उठकर चले जाते हैं लेकिन युवक की शर्मनाक हरकत जारी रहती है। युवक मोबाइल पर कोई वीडियो क्लिप देखकर गंदी हरकत करता नजर आ रहा है। ऐसा लगता है कि जैसे कि वह कोई पोर्न क्लिप देख रहा हो। ट्विटर पर इस वीडियो को पोस्ट करने वाले ने बताया कि इसे इंस्टाग्राम से डाउनलोड किया गया था। हालांकि कम्युनिटी गाइडलाइंस की वजह से वीडियो को इंस्टाग्राम से हटा दिया गया है लेकिन डाउनलोड होने के कारण यह वीडियो अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

अमेरिका ने रूसी, ईरानी संगठनों पर प्रतिबंध लगाए

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बृहस्पतिवार को रूस की संघीय सुरक्षा सेवा और ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के खुफिया संगठन पर अमेरिकियों को गलत तरीके से हिरासत में लेने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए। ये प्रतिबंध राष्ट्रपति बाइडन द्वारा अमेरिकियों को अनुचित रूप से हिरासत में रखने वालों के खिलाफ पिछले साल तैयार किए गए नए प्रतिबंधों के तहत की गई पहली कवायद हैं। बाइडन ने एक लिखित बयान में कहा, ''आज और हर एक दिन हमारा रूस, ईरान और पूरी दुनिया को यही संदेश है कि अमेरिकियों को गैरकानूनी तरीके से बंदी बनाना बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्हें तुरंत रिहा करें।'' प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि किस मामले में ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध वर्तमान तथा अतीत दोनों में अमेरिकियों को अन्यायपूर्ण तरीके से पकड़ने में दोनों देशों द्वारा की गई कार्रवाइयों का जवाब हैं। अमेरिका के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ईरान के अधिकारी अक्सर तेहरान में एविन जेल में बंदियों को पकड़ते हैं और पूछताछ करते हैं और ''विरोध प्रदर्शनों के दमन और असंतुष्टों तथा दोहरी नागरिकता वालों को गिरफ्तार करने में प्रत्यक्ष भूमिका निभाते हैं।''

पेंस ने ट्रंप की दुस्साहस के मामले में गवाही दी

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों की कोशिशों की जांच कर रही संघीय ग्रांड जूरी के समक्ष बृहस्पतिवार को गवाही दी। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने यह बताया। ट्रंप के साथ काम कर चुके पेंस की गवाही न्याय विभाग की जांच में अहम साबित हो सकती है तथा इससे अभियोजकों को अमेरिकी संसद परिसर में छह जनवरी 2021 को हुए विद्रोह के लिए जिम्मेदार घटनाक्रम क जानने में मदद मिल सकती है। इसके राजनीतिक असर भी हैं क्योंकि पेंस ने 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल होने के संकेत दिए हैं। उन्होंने संकेत दिए हैं कि वह इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। पेंस ने ऐसे वक्त में गवाही दी है जब इससे पहले एक संघीय अपीलीय अदालत ने पेंस की गवाही को रोकने के ट्रंप के वकीलों के प्रयास को खारिज करते हुए सीलबंद लिफाफे में आदेश दिया था।

सूरज पंचोली CBI कोर्ट से बरी

मुंबई (ए.)। मुंबई में सीबीआई की एक विशेष अदालत अभिनेत्री जिया खान की खुदकुशी मामले में सूरज पंचोली को सबूतों के अभाव के कारण बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह सबूत साबित नहीं करते कि सूरज पंचोली इस मामले में आरोपी है। वहीं साथ ही कोर्ट ने कहा कि पीड़ित पक्ष ऊपरी अदालत में अपील कर सकता है। बता दें कि जिया खान 3 जून 2013 को अपने घर में मृत मिली थी। अभिनेता सूरज पंचोली पर जिया को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था।

अभिनेत्री जिया खान सुसाइड

सूरज अभिनेता आदित्य पंचोली और अभिनेत्री ज़रीना वहाब के बेटे हैं। जिया की ओर से कथित रूप से लिखे गए छह पन्नों की चिट्ठी के आधार पर सूरज को आरोपी बनाया गया था। खान अपने जुहू स्थित घर में फंदे से लटकी मिली थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, पत्र खान ने ही लिखा था जिसे मुंबई पुलिस ने अपनी जांच के दौरान 10 जून 2013 को जब्त किया था। सीबीआई ने दावा किया था कि पत्र में सूरज के साथ खान के अंतरंग संबंधों के साथ-साथ कथित शारीरिक शोषण, मानसिक और शारीरिक यातना के बारे में बात की गई है, जिस वजह से खान ने खुदकुशी की। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ए.एस. सैय्यद ने मामले में दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद पिछले हफ्ते अपना फैसला 28 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की प्रमुख गवाह और जिया खान की मां राबिया खान ने अदालत से कहा कि उनका मानना है कि यह हत्या का मामला है न कि आत्महत्या का। बंबई हाईकोर्ट ने मामले की नए सिरे से जांच की मांग वाली उनकी याचिका को पिछले साल खारिज कर दिया था।

SCO समिट में बोले राजनाथ सिंह

आतंकवाद को शह देने वालों को देना होगा करारा जवाब

दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों से जोर देकर कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों को मिलकर जड़ से मिटाने तथा इसका समर्थन करने और इसे शह देने वालों की जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है। राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को यहां स्ष्ह्र सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जोर देकर कहा कि किसी भी तरह का आतंकवाद या किसी भी तरह के आतंकवाद को समर्थन देना मानवता के खिलाफ बड़ा अपराध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद और शांति तथा समृद्धि एक साथ नहीं रह सकते। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि यदि कोई देश आतंकवादियों को समर्थन देता है तो वह न केवल दूसरों के लिए खतरा पैदा करता है बल्कि अपने लिए भी खतरा पैदा करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कट्टरपंथी बनाना केवल सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय नहीं है बल्कि यह समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के मार्ग में भी बड़ी बाधा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि हम एससीओ को मजबूत तथा विश्वसनीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनाना

चाहते हैं तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता आतंकवाद से प्रभावशाली ढंग से निपटने की होनी चाहिए। भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रावधानों के आधार पर शांति तथा सुरक्षा बनाए रखने में विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य देशों को अधिक से अधिक फायदे के लिए सहयोग के प्रयासों को बढाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, स्थिर और स्मृद्ध क्षेत्र से सभी देशों में लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सिक्योर' विजन क्षेत्र के बहु आयामी कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। राजनाथ ने कहा कि भारत साझा सुरक्षा हितों को देखते हुए स्ष्ह्र सदस्य देशों की रक्षा क्षमता बढाने के प्रति वचनबद्ध है।

खरगे के बयान के बाद अब बीजेपी विधायक ने लांघी मर्यादा

कर्नाटक (ए.)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। तमाम बड़े नेताओं ने कर्नाटक में डेरा डाला हुआ है और इस समय यहां का सियासी माहौल भी काफी गर्म है। रैलियों में नेताओं की बदजुबानी भी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने गुरूवार को पीएम मोदी पर विवादित बयान देते हुए उन्हें जहरीला सांप बताया था। अब बीजेपी विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने खरगे पर पलटवार करते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को विषकन्या कहकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक में गडग जिले के रोन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''गलती मत कीजिए। मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। अगर आप कहते हैं कि वह जहरीले नहीं हैं तो छूकर देखिए, पता चल जाएगा। अगर आप छूएंगे तो मर जाएंगे।''

बीजपी द्वारा मल्लिकार्जुन

खरगे के इस बयान की आलोचना करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने केवल इतना कहा कि भाजपा एक सांप की तरह है और पार्टी की विचारधारा जहर की तरह है। उन्होंने कहा, ''अगर आप इस विचारधारा का समर्थन करते हैं और इसे अपनाते हैं तो मौत निश्चित है।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''मैंने उनके (मोदी के) खिलाफ नहीं बोला, क्योंकि मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं कभी निजी टिप्पणियां नहीं करता।''

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने खरगे के इन बयानों वाले वीडियो को ट्विटर पर साझा करते हुए कहा, ''अब कांग्रेस अध्यक्ष खरगे प्रधानमंत्री मोदी को जहरीला सांप कह रहे हैं। सोनिया गांधी के 'मौत का सौदागर' से जो शुरू हुआ, हम जानते हैं कि कैसे समाप्त हुआ। कांग्रेस नीचे गिरती जा रही है। कांग्रेस की यह हताशा दिखाती है कि वह कर्नाटक में हारने जा रही है और यह बात जानती है।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस अध्यक्ष से बयान के लिए माफी की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विपक्षी दल की ''नफरत सामने आ रही है''।

सोनिया गांधी को 'विषकन्या' कहने पर आग बबूला हुई कांग्रेस

कर्नाटक (ए.)। कांग्रेस ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता बसनगौड़ा पाटिल यतनाल द्वारा सोनिया गांधी को 'विषकन्या' कहे जाने को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जाना चाहिए। पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने यह भी कहा कि इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को माफी मांगनी चाहिए।

बीजापुर से विधायक और पूर्व मंत्री यतनाल ने चुनाव प्रचार के दौरान सोनिया गांधी को लेकर यह टिप्पणी की। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना 'जहरीले सांप' से की थी, हालांकि बाद में उन्होंने सफाई दी कि उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा था। सुरजेवाला ने एक बयान में कहा, ''कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी और उसके नेताओं ने अपना मानसिक और राजनीतिक संतुलन खो दिया है। विधानसभा चुनावों में आसन्न हार से बौखलाई भाजपा अब घिनौनी राजनीति पर उतर

आई है।'' सुरजेवाला ने दावा किया, ''भाजपा नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेहरू गांधी परिवार को अपशब्द कहने की आदत बनाई हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोनिया गांधी को ÷कांग्रेस की विधवा÷ के साथ साथ ÷जर्सी गाय÷ तक कहा था।''

उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''सोनिया गांधी सिर्फ़ चुनी हुई सांसद ही नहीं हैं बल्कि वह इस देश के लिए शहीद हुए एक पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी हैं, और उनके ख़िलाफ़ इन अशोभनीय शब्दों को कर्नाटक कभी माफ़ नहीं करेगा।'' कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''नरेंद्र मोदी के चरित्र और मर्यादा की आज परीक्षा होगी।

यदि प्रधानमंत्री में रत्ती भर भी शालीनता या मर्यादा है तो उन्हें बसनगौडा पाटिल यतनाल को तत्काल भारतीय जनता पार्टी से निकालना होगा।'' उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कार्रवाई नहीं होती है तो स्पष्ट हो जाएगा कि यतनाल की भद्दी और अपमानजनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के इशारे पर की गई है। उन्होंने यह भी कहा, ''आज इस देश के प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को सोनिया गांधी और कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।''

इमरान खान ने सरकार के दावों को किया खारिज

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बृहस्पतिवार को सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनकी जान को विदेशी एजेंसियों से खतरा है। खान ने कहा कि उन्होंने देश में कुल छह लोगों की पहचान की है जिन्होंने उनकी हत्या की साजिश रची थी। इनमें तीन चेहरे नये हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन लोगों के बारे में बात की गयी है जो उन्हें मारना चाहते हैं। खान ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया, ''छह में तीन लोग वो हैं जिनके नाम मैंने पिछले साल नवंबर में पंजाब में मेरी जान लेने की कोशिश के बाद दर्ज प्राथमिकी में लिये थे।'' खान पर लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर वजीराबाद में उनकी रैली पर हमला हुआ था जिसके बाद वह पैर में गोली लगने से घायल हो गये थे। खान ने अपनी हत्या की साजिश रचने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्ला और आईएसआई के शीर्ष अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा, ''गृह मंत्री (सनाउल्ला) कहते हैं कि मेरी जान को विदेशी एजेंसियों

से खतरा है। मैं पूरे देश के सामने साफ कर दूं कि मेरी जान को केवल तीन लोगों से खतरा है जिनके नाम मैंने वजीराबाद में हुई हत्या की कोशिश के बाद लिये थे। मैंने एक वीडियो में बयान जारी कर इन तीन लोगों के साथ तीन और लोगों की पहचान की है जिन्होंने 18 मार्च को मुझे मारने की कोशिश की थी।'' खान ने तीन अन्य लोगों की पहचान नहीं बताई है। गत 18 मार्च को खान की भ्रष्टाचार के एक मामले में एक अदालत में पेशी से पहले इस्लामाबाद के न्यायिक परिसर के बाहर सुरक्षा बलों तथा खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हो गयी थी। खान ने ट्वीट कर साफ तौर पर कहा कि अगर उनकी हत्या हो जाती है तो जिम्मेदार वही लोग होंगे जिनके नाम वीडियो में हैं।

सिर्फ 5 देशों को वीटो पॉवर दिए जान भड़का भारत

वाशिंगटन (ए.)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (हस्ष्ट) में सिर्फ 5 देशों को वीटो पावर दिए जाने और उसके राजनीतिक दुरुपयोग को लेकर भारत आग बबूला हो गया है। भारत ने कहाकि यूएनएसी में वीटो का इस्तेमाल नैतिक दायित्वों के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक विचारों के आधार पर किया जाता है और वीटो का इस्तेमाल करने का अधिकार केवल पांच स्थाई सदस्यों को दिया जाना, देशों की संप्रभु समानता की अवधारणा के विपरीत है। युक्त राष्ट्र में भारत के स्थानीय मिशन में सलाहकार प्रतीक माथुर ने 193 सदस्यीय महासभा द्वारा 'वीटो पहल' को पारित किए जाने के एक साल बाद बुधवार को 'वीटो के इस्तेमाल' पर आयोजित महासभा की बैठक में कहा कि पिछले 75 साल से अधिकय समय में सभी पांच स्थाई सदस्यों ने अपने-अपने राजनीतिक हित साधने के लिए वीटो का इस्तेमाल किया है। कुल 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद के केवल पांच स्थाई सदस्य चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं और उन्हीं के पास वीटो इस्तेमाल करने का अधिकार है। शेष सदस्य दो साल के लिए अस्थाई रूप से चुने जाते हैं और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं है।

माथुर ने कहा, ''वीटो का इस्तेमाल नैतिक दायित्वों से नहीं, बल्कि राजनीतिक विचारों से प्रेरित होता है। जब तक यह अस्तित्व में है, वीटो का अधिकार रखने वाले सदस्य देश ऐसा करते रहेंगे, भले ही कितना भी नैतिक दबाव क्यों न हो।'' जब 'वीटो पहल' संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया था, उस समय भारत ने प्रस्ताव को पेश करने में समावेशिता की कमी पर ''खेद'' व्यक्त किया था। माथुर ने दोहराया कि वीटो संबंधी प्रस्ताव ''दुर्भाग्य से'' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधारों संबंधी सीमित दृष्टिकोण को दर्शाता है और यह ''समस्या के मूल कारण की अनदेखी करते हुए एक ही पहलू को उजागर करता है।

धीरेंद्र शास्त्री के बिहार आगमन पर बोले तेजप्रताप

हिंदू-मुस्लिम को लड़वाने आ रहे हैं तो मैं विरोध करूंगा

पटना (ए.)। बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र शास्त्री 13 मई को पटना में आ रहे हैं। वहीं धीरेंद्र शास्त्री के आगमन पर अब बिहार में राजनीति शुरू हो गई है। धीरेंद्र शास्त्री के आगमन को लेकर वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि अगर बागेश्वर बाबा हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने के लिए आ रहे हैं तो मैं उनका विरोध करूंगा और एयरपोर्ट पर घेराव करूंगा।

वहीं तेज प्रताप यादव के समर्थन में अब राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह भी आ गए हैं। जगदानंद सिंह ने कहा है कि

बाबा बागेश्वर जैसे लोगों को जेल में रहना चाहिए। अफसोस की बात वो बाहर हैं, जिसका मन करता है। वही बाबा बन जाता है। बीजेपी ने उन्माद को बढ़ाया है। संत परंपरा को खराब किया जा रहा। बाबा धीरेंद्र शास्त्री को लेकर जदयू का स्टैंड राजद से बिल्कुल अलग है। जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि जेडीयू तेजप्रताप के बयान से सहमत नहीं है। ये नीतीश कुमार का बिहार है। यहां सभी धर्मों का सम्मान है। कुछ लोग धर्म पर सियासत करना चाहते हैं। बिहार में माहौल खराब करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इधर, बाबा धीरेंद्र शास्त्री के आगमन पर भाजपा ने राजद पर हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि राजद के लोगों को संत महात्मा का आगमन पसंद नहीं है। उनको चोर उचक्कों का आगमन पसंद है, जो उनको माल दे सके। आपको बता दे कि बाबा बागेश्वर का कार्यकम 13 मई से 17 मई तक पटना में होने वाला है। सबसे पहले कार्यक्रम का स्थान पटना के गांधी मैदान को चुना गया था। लेकिन प्रशासन के अनुमति नहीं मिलने के बाद कार्यक्रम का स्थान पटना से 25 किलोमीटर दूर नौबतपुर कर दिया गया है।

चुराचांदपुर में निषेधाज्ञा लागू, इंटरनेट भी बंद

मणिपुर (ए.)। मणिपुर के चुड़ाचांदपुर में उग्र भीड़ द्वारा एक आयोजन स्थल पर तोड़फोड़ करने तथा उसे आगे लगाने के बाद निषेधाज्ञा आदेश लागू किया गया और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गयी है। जिले के न्यू लमका में इस आयोजन स्थल पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को शुक्रवार को एक कार्यक्रम में भाग लेना था। चुड़ाचांदपुर के जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से मिली रिपोर्ट के आधार पर आदिवासी बहुल जिले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका है और लोगों के जीवन तथा सार्वजनिक संपत्ति को गंभीर खतरा है। जिलाधिकारी के आदेश में कहा गया है कि निषेधाज्ञा आदेश कानून एवं व्यवस्था को लागू कराने में शामिल सरकारी एजेंसियों, आवश्यक सेवाओं तथा जिले के सद्भावना मंडप में जनसभा तथा खुले जिम

के उद्घाटन में भाग ले रहे लोगों पर लागू नहीं होगा। राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, ''सोशल मीडिया अफवाह फैलाने वालों के लिए एक हथियार बन गया है और इसका इस्तेमाल आम जनता को भड़काने में किया जा रहा है जिसका चुड़ाचांदपुर तथा फेरजॉल जिलों में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है।'' गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, ''शांति एवं व्यवस्था को बाधित करने से रोकने के लिए चुड़ाचांदपुर और फेरजॉल जिलों में तत्काल प्रभाव से अगले पांच दिन तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेगी।'' इससे पहले, चुड़ाचांदपुर के अतिरिक्त उपायुक्त एस थिनलालजॉय गांगते ने आयुक्त (गृह) को एक पत्र लिखकर सूचित किया, ''इंडिजीनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने पूर्ण बंद का आह्वान किया है और सोशल मीडिया तथा नेटवर्किंग साइट के जरिए लोगों को इकट्ठा किए जाने की आशंका है जिससे चुड़ाचांदपुर जिले में गैरकानूनी गतिविधियां तथा अशांति बढ़ सकती है।'' फोरम ने आरोप लगाया कि मणिपुर में आरक्षित वन क्षेत्रों से किसानों और अन्य आदिवासी निवासियों को निकालने के लिए चलाए जा रहे बेदखली अभियान के विरोध में बार-बार ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद, ÷सरकार ने लोगों की दुर्दशा को दूर करने की कोई इच्छा या मंशा होने के संकेत नहीं दिए हैं। गौरतलब है कि मणिपुर के चुड़ाचांदपुर जिले के न्यू लमका में भीड़ ने एक कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर बृहस्पतिवार रात तोड़फोड़ और आगजनी की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सिंह भी शामिल होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस तुरंत हरकत में आ गई और भीड़ को तितर-बितर किया। हालांकि, तब तक आयोजन स्थल पर काफी तोड़फोड़ की जा चुकी थी।

विहिप ने रामनवमीं पर हुई हिंसा की हाईकोर्ट के एनआईए से जांच आदेश का किया स्वागत

बंगाल (ए.)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि यह साफ करता है कि हमले ''पूर्व नियोजित'' थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हावड़ा के शिबपुर और हुगली जिले के रिषड़ा में पिछले माह रामनवमी उत्सव के दौरान और बाद में हुई हिंसा की एनआईए से जांच कराने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया।

विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रामनवमी की शोभायात्रा पर हमलों के लिए उकसाया था। उन्होंने मांग की कि एनआईए को इस हिंसा में बनर्जी तथा तृणमूल कांग्रेस की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए। जैन ने एक बयान में कहा, ''विश्व हिंदू परिषद पश्चिम बंगाल में राम नवमी के दौरान हिंसक हमलों की एनआईए जांच के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करती है। इससे यह साफ हो जाता है कि हमले पूर्व नियोजित तरीके से किए गए और ये (किसी कृत्य) की प्रतिक्रिया में नहीं थे।''

दंगाइयों के हाथों की कठपुतली बन गई है बंगाल पुलिस

विहिप नेता ने कहा, ''यह किसी आतंकवादी घटना से कम नहीं है। केवल एनआईए ही इस हिंसा की व्यापक जांच कर सकती है और दोषियों का पता लगा सकती है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''पश्चिम बंगाल पुलिस दंगाइयों के हाथों की कठपुतली बन गई है।'' जैन ने कहा कि हिंसा ''किसी ने भी'' की हो लेकिन देशभर में यह राय है कि इसके लिए ''निश्चित तौर पर'' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उकसाया होगा। विहिप के संयुक्त महासचिव ने कहा, ''हम उम्मीद करते हैं कि एनआईए इन दंगों में ममता बनर्जी तथा उनकी पार्टी की भूमिका की भी जांच करेगी।''

न्यूज गैलरी

आज संभागीय बूथ समीक्षा बैठक लेंगे मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम आज 29 अप्रैल शनिवार को सुबह 10 बजे बस्तरबाड़ा रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12 बजे बिलासपुर पहुंचकर होटल इंटरसिटी बिलासपुर में आयोजित बिलासपुर संभागीय बूथ समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। शाम 5 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिये रवाना होंगे तथा रायपुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मरकाम 30 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे रायपुर से ग्राम चिचिया वि.खं. देवभोग गरियाबंद के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2.30 बजे ग्राम चिचिया पहुंचकर बडादेव मंदिर में चंदन जात्रा एवं बडादेव महापूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 4.30 बजे ग्राम चिचिया से कोण्डागांव के लिये रवाना होंगे।

होटल में लगी भीषण आग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन के एक होटल में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात आग लग गई। होटल ली-रोई में अचानक लगी आग से वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों को तुरंत वहां से निकाला गया। आग होटल के सामने के हिस्से में लगी और थोड़ी देर बाद ही बड़ी-बड़ी लपटें दिखाई देने लगीं। आग लगने के साथ ही यहां धमाके की भी आवाज आई, जिससे लोग डर गए। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार देर रात करीब 2 बजे के आसपास रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद होटल ली-रोई में अचानक आपकी लपटें उठने लगी। धीरे-धीरे ये आग बढ़ने लगी और होटल के सामने के हिस्से में फैल गई। इस घटना से होटल के अंदर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वे बाहर निकलने लगे। तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने मीडिया को बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई।

श्रमिकों के बैंक खातों में अंतरित होंगे राशि

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 01 मई के अवसर पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 12 बजे से श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री बघेल लगभग एक लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 47.12 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित करेंगे और आरंग और पाटन में श्रमिक सहायता केन्द्र का शुभारंभ भी करेंगे।

राष्ट्रीय सेवक संघ ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में माओवादियों द्वारा कायरता से किए गए आईईडी ब्लास्ट से 10 डीआरजी के जवानों व एक ड्राइवर समेत 11 शहीदों के बलिदान को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पूर्णेंद्रु सक्सेना ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और हम सबको व्यथित करने वाली है। यह बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस माओवादी घटना की भर्त्सना की है।

मैक में रोवर रेंजर सम्मान समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर में वार्षिक पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महाविद्यालय में प्रतिवर्ष विविध विषयों एवं संकायों में प्रतिभावान छात्रों को यह विशेष पुरूस्कार प्रदान किया जाता है। मुख्य अतिथि भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल रवीश छाजेड, भूतपूर्व चेयरमैन रमेश अग्रवाल, चेयरमैन राजेश अग्रवाल जी उपस्थित थे। मैक महाविद्यालय के बच्चों के द्वारा कृष्ण की बाल लीला व रास पर आधारित स्कीट का शानदार प्रस्तुति की गई जिसमें सभी दर्शकों का मन मोह ही लिया उसके बाद मैक बैण्ड के द्वारा मधुर संगीत ने अलग ही समा बांधा एवं स्वागत नृत्य भी प्रशंसनीय रही। डीएम अवस्थी ने कहा कि मैक एक ऐसा महाविद्यालय है जहां शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के बाह्य गतिविधियों में भी ध्यान दिया जाता है। विशिष्ट अतिथि कर्नल रविश छाजेड़ ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि मैं हमेंशा मैक का हिस्सा रहा हूँ। इस महाविद्यालय से मुझे हमेशा जोश, मेहनत, नेतृत्व क्षमता सीखने व देखने को मिलता है। राजेश अग्रवाल जी ने कहा कि फौजी जीवन त्यागशील जीवन है, जो देश की मिट्टी के लिए हमेंशा प्रयत्नशील रही है। पूर्व चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वाणिज्य एवं प्रबंधन के छात्रों पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है। वाणिज्य विभाग से पारूल मित्तल प्रथम स्थान एवं मिहिर चैहान चतुर्थ स्थान प्राप्त किये तथा प्रबंधन विभाग से रिषी साकार चतुर्थ स्थान, वैभवी पारख छटवां स्थान एवं अदिति अग्रवाल ने सातवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। रूचिका कापसे एवं कृति अग्रवाल ने मैक कालेज के अनुभव को साझा किया।

हिंसा में मारे गए युवक के परिजनों से मिला विधायक दल

बेमेतरा/नवप्रदेश। बीजेपी विधायक दल शुक्रवार को बेमेतरा जिले के दौरे पर पहुंचा। इसमें नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के साथ ही बीजेपी के विधायक और पूर्व विधायक शामिल थे। ये सभी बिरनपुर जाने के लिए जिला मुख्यालय बेमेतरा पहुंचे थे। डॉ रमन सिंह और नारायण चंदेल ने यहां रेस्ट हाउस में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद बिरनपुर जाकर हिंसा में मारे गए भुनेश्वर साहू के परिजनों से मुलाकात की। इधर, सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भले ही बीजेपी नेता बिरनपुर जाएं, लेकिन वहां धारा 144 का पालन जरूर करें। मुलाकात के बाद रमन सिंह ने कहा कि कम से 36 लोगों को उठा लिया गया है। जो लोग भी थोड़ा बहुत बोलते हैं, उन्हें अरेस्ट कर लिया जाता है। इस तरह से भेदभाव की कार्रवाई की जा रही है, तो इस पर हम क्या कर सकते हैं। उस पर बैठकर विचार करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा विधायक दल ने बेमेतरा जिले के बिरनपुर पहुंच कर मृतक स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के परिजनों से मुलाकात की। बिरनपुर में विधायक दल को मृतक के पिता ने बताया कि धार्मिक हमले में 12-13 युवाओं को भी गंभीर चोट आई है लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया है व लगातार पुलिस कांग्रेस के दबाव में अपराधियों का ही साथ दे रही है। विधायक दल ने वहां के हालात की जानकारी लेने के बाद कहा कि कांग्रेस सरकार बिरनपुर में जिहादी उन्माद की वारदात में भुनेश्वर साहू की नृशंस हत्या के बाद से लगातार तुष्टिकरण की नीति के तहत एक समुदाय के आरोपियों को संरक्षण देने के साथ ही हिंसा के लिए उकसाने वाले मंत्री समर्थक पर कार्यवाही नहीं कर रही। जबकि हिंदू समाज के बेकसूर युवाओं को संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रही है। उनके परिजनों को मिलने नहीं दिया जा रहा। सरकार आपराधिक मामले में भेदभाव कर रही है। भुनेश्वर की हत्या के सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। निरपराध हिन्दू युवाओं को गिरफ्तार कर भय का वातावरण बनाया गया है। बेमेतरा में भाजपा विधायक दल से ग्रामीणों ने मुलाकात की। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि डरा धमका कर उनसे जुर्म कबूल कराया जा रहा है। माताओं ने रो रोकर शिकायत की कि उन्हें उनके बच्चो से मिलने नहीं दिया जा रहा है। बिरनपुर में बहुसंख्यक समाज दहशत में है। पुलिस कभी भी किसी भी हिन्दू युवा को पकड़कर उस पर गंभीर अपराध लाद रही है ताकि हिन्दू डरकर बिरनपुर छोड़कर चले जाएं।

स्थानीय मंत्री पर संरक्षण देने का आरोप

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा बिरनपुर में हम आकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की, वे और गांव का बच्चा-बच्चा इस पूरी घटना में अंजोर यदु नाम के व्यक्ति का उल्लेख कर रहा है जो गांव में खुलेआम घूम रहा है और उसे स्थानीय मंत्री का संरक्षण होने के कारण पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा बिरनपुर को छावनी बनाकर रखा गया है और गांव वालों को आतंकित किया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने लगभग 41 लोगों के नाम पुलिस को दिए हैं लेकिन सिर्फ11 लोगों पर कार्रवाई हुई बाकी चिन्हित लोगों को छोड़ दिया गया है। इसके बजाय पुलिस दूसरे पक्ष के जो स्वर्गीय भुनेश्वर साहू के साथ के लोग हैं ,उनके परिजन, उनके समाज या गांव के अन्य समाज के लोग हैं उनके खिलाफ36 से अधिक मामले दर्ज कर चुके हैं । जो थोड़ा भी आवाज उठाता है रोज उस पर मामले बनाकर आतंकित करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

मजदूरों के पैसों को भी लूट रही है सरकार : मोहन एंटी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार मजदूर विरोधी सरकार है जिसने प्रदेश के पूर्व में पंजीकृत 18 लाख मजदूरों में करीब 9 लाख पात्र मजदूरों को सरकार की समाजिक सुरक्षा योजनाओं से अपात्र घोषित कर लाभ से वंचित कर दिया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 9 लाख गरीब मजदूरों के अधिकारों को छीना है, साथ ही पिछले 5 वर्षों में करीब 35 लाख मजदूरों ने श्रम कार्ड बनाने हेतु आवेदन किया था जिसमें मात्र 9 लाख 30 हजार मजदूरों का ही मजदूर कार्ड बनाया गया। भारी संख्या में आज भी प्रदेश का मजदूर, मजदूर कार्ड बनाने के लिए भटक रहे हैं। श्रम विभाग के विभिन्न कल्याण मंडलों में करीब 1 हजार करोड़ रुपए राशि का बजट है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मात्र 25 प्रतिशत राशि मजदूरों के विभिन्न समाजिक सुरक्षा योजनाओं में प्रदान की जा रही है। कर्मकार कल्याण मंडल में वर्तमान में 7 सौ करोड़ रुपए सेस (फंड) के रूप में जमा है जिसमें मात्र 22.76 करोड़ रुपए ही मजदूरों के समाजिक सुरक्षा योजनाओं में खर्च किया गया है।

अब एक क्लिक एक रुपए में 5000 वर्गफुट तक घर बनाने की मिलेगी अनुमति

- **भिलाई चरौदा, बिरगांव एवं धमतरी में डायरेक्ट भवन अनुज्ञा परियोजना प्रारम्भ**

रायपुर/नवप्रदेश। छग सरकार ने तीन नगर निगमों भिलाई चरौदा, धमतरी और बिरगांव में ऑनलाइन भवन अनुज्ञा सिस्टम शुरू किया है। इन नगर निगमों में इस सुविधा का शुभारंभ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉ. शिव डहरिया द्वारा अपने निवास कार्यालय से किया गया। इन तीन नगर निगमों में यह सुविधा शुरू होने के साथ ही प्रदेश के सभी नगर निगमों में भवन निर्माण का नक्शा पास करने की प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। प्रदेश की 11 नगर निगमों में ऑनलाईन भवन अनुज्ञा परियोजना पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुसार राज्य के सभी शहरों में चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है। यह परियोजना राज्य के तीन शहरों को आधुनिक बनाने की कड़ी में एक बड़ा कदम है। इस सेवा के माध्यम से, शहरों में भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है। इस सॉफ्टवेयर की विशेषताएं बहुत उत्कृष्ट हैं। इसमें सभी फिजिकल टच प्वाइंट को हटाया गया है, जिससे नागरिकों को भवन अनुज्ञा से संबंधित कार्य हेतु कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है, दस्तावेजों का परीक्षण भी ऑनलाइन होगा एवं ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। नागरिकों को अब इस सुविधा का घर पर ही लाभ मिलेगा और कार्य के लिए खिड़की में कतार लगाने या निकाय कार्यालय आने की ज़रूरत नहीं है। अधिकारियों के लिए भी इस सॉफ्टवेयर में समय-सीमा तय की गई है, जिससे यह सुविधा नागरिकों को समय-सीमा में दी जा सके।

निगम का चक्कर लगाने से मिलेगा छुटकारा : इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से, छत्तीसगढ़ मॉडल के डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रोजेक्ट को भी इन शहरों में प्रारंभ किया गया है, अर्थात इन शहरों के नागरिकों को अब केवल एक क्लिक और एक रुपए में 5000 वर्ग फुट तक के घर बनाने की अनुमति मिलेगी। मुख्यमंत्री स्वयं डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रोजेक्ट की समीक्षा नियमित रूप से करते हैं। शहरों को भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को एक सरल, त्वरित और आसान सिस्टम में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ मॉडल पर आधारित इस सॉफ्टवेयर का विकास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन के तहत किया गया है।

नक्सल प्रभावित गांव में बदलाव की बयार

नागपुर/नवप्रदेश। आदिवासियों के लिए सैकड़ों वर्षो से धातु के पारंपारिक गहने बनाने वाले गांव में हरा सोना, अर्थात बैंबू ने दखल दे दी है। महाराष्ट्र के नक्सल संवेदनशील गढ़चिरोली के अति दुर्गम कोयनगुड़ा में यह प्रेरक परिवर्तन हो रहा है। द बैंबू लेडी ऑफ महाराष्ट्र के नाम से विश्व प्रसिद्ध बांस शिल्पी मिनाक्षी मुकेश वालके इस पहल की पुरोधा बनी है। बैंबू डिजाइन में अभिनव प्रयोग और कुछ अनुसंधान करने वाली बैंबू लेडी मिनाक्षी ने बीते 5 वर्षों में अपने 10 से ज्यादा शिविरों से कमोबेश 1100 आदिवासी वंचित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है. पश्चिम बंगाल की एक सेवाभावी संस्था खादी ग्रामोद्योग आयोग च्या माध्यमातून देवराई कला ग्राम में कई कलाओं का विकास कर रही है, जिसमें बांस कला का दायित्व मिनाक्षी ने उठाया है। कोलकाता की राईगंज इन्स्टिट्यूट ऑफ इन्स्पिरेशन अँड एम्पॉवरमेंट फॉर लाईवलीहुड जनरेशन इस संस्था की सुश्री अनन्या डे व सूबिर रॉय के प्रयासों को देवराई के सुरेश पुंगाटी सहयोग कर रहे है। गौरतलब है कि बैंबू लेडी मीनाक्षी ने वन विभाग के माध्यम से नक्सलग्रस्त इलाको के 25 युवा- युवतियों को गढ़चिरौली में ही 40 दिन निवासी प्रशिक्षण दिया था. इंग्लैंड की संसद हाऊस ऑफ कॉमन्स् में प्राप्त करने वाली देश की एकमात्र बैंबू कारीगर मीनाक्षी ने बांग्लादेश व भूटान की सीमा पर बसे दुर्गम गांव में जनवरी माह में ही 360 महिलाओं को बैंबू के गुर सिखाए है।

बदल रही अनूठी परंपरा का गांव

महाराष्ट्र में केवल दो ही गावं है जहां ओतकर समुदाय रहता है. यह समुदाय आदिवासीं महिलाओं के लिए सदियों से धातू के पारंपारिक आभूषण बना कर देता आ रहा है। मूलतः यह समुदाय आदिवासीं नही है, परन्तु अब वह आदिवासीं बन कर जीने लगा है। यहीं नही इस समुदाय ने तो स्थानीय आदिवासियो के सरनेम तक अपना लिए है. यह विशेषता लिए कोयनगुडा यह गांव भौगोलिक आपदाओं और विकास की मुख्य धारा से थोड़ा वंचित रह गया है. बाढ़ में तीन चार महीने यह सम्पर्कहीन रहता है वही फोन भी बडी मुश्किल से लग पाता है. इस गाव की एक विशेषता यह भी कि ये विख्यात समाजसेवि डॉ. प्रकाश आमटे के हेमलकसा प्रॉजेक्ट से सटा है।

चुनौतियां लेनेवाली बांबु रागिणी

बांबू का कामही नही वरन देश के किसी भी कोने में जा कर आदिवासीं- वंचीत महिलाओं को उसका कौशल सिखानेवाली बांबू लेडी मीनाक्षी वालके के कोयनगुड़ा में आने से हम उत्साहित है. सेवा सुविधाओ से दूर अति दुर्गम गाव में कोई अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षक आना नहीं चाहता. एक महिला होकर इस चुनौती को मिनाक्षी ने स्वीकार किया, जिससे हम अभिभूत है, ऐसी प्रतिक्रिया संस्था की सुश्री अनन्या डे ने दी। बहरहाल आने वाले समय में यहां बैंबू से आशावादी परिवर्तन नजर आएगा ऐसा विश्वास भी उन्होंने जताया।

विजय के जिन हाथों में कुल्हाड़ी, कुदाल से पड़ जाते थे छाले आज उन्हीं हाथों में कलम

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार से ताल्लुक रखने वाले विजय कुमार के जिन हाथों में कुल्हाड़ी और कुदाल चलाकर छाले पड़ जाते थे आज उन हाथों में कलम है। विजय एक साल पहले तक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। मजदूरी भी महज 5 से 6 हजार रुपये महीने मिल पाती थी। लेकिन राज्य शासन की एक योजना से विजय का जीवन पिछले एक साल में पूरी तरह बदल गया है। विजय अब मजदूर नहीं बल्कि ट्राइबल विभाग में सहायक ग्रेड-3 में नौकरी कर रहे हैं। विजय ने बताया कि उन्होंने एमए तक शिक्षा प्राप्त की है पर जब नौकरी नहीं मिली तो गांव में मजदूरी करके ही परिवार का भरण पोषण करते थे। लेकिन आज मेरे पास सरकारी नौकरी है और 17 हजार रुपये सेलरी मिलती है। दरअसल राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए शासन द्वारा इन समुदायों के पढ़े-लिखे नौजवानों को शासकीय सेवाओं में उनकी पात्रता के अनुसार सीधी नियुक्ति दी जा रही है।

35 वर्षीय युवक का लंग ट्रांसप्लांट हुआ नारायणा हैल्थ बैंग्लोर में

रायपुर/नवप्रदेश। हम काम करते हैं कमाने और एक स्वस्थ और संतोषजनक जीवनजीन के लिए लेकिन कुछ स्थितियों में कार्यस्थल लोगों को व्यावसायिक बीमारी के खतरे से भी खरेद सकता है। यहाँ एक 35 वर्षीय पुरुष का केस है जिसेफेफड़ों की व्यावसायिक बीमारी हुई थी।

वह सालों से एक पत्थर खनन कारखाने में काम करता था, जिससे उसे सिलिका से जुड़ी बीमारी का सामना करना पड़ा। सिलिका एक पदार्थ है जो कुछ प्रकार के पत्थर, चट्टान, रेत और मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। इन पदार्थों के साथ काम करन से एक बहुत छोटी धूल उत्पन्न हो सकती है जो आसानी से साँस के ज़रिए शरीर में आसक्ति हैं। पुरुष में सिलिकोसिस नामक फेफड़ों की एक लम्ब समय से चल रह बीमारी का पता लगाया गया, जो बड़ी मात्रा में एक क्रिस्टलाइन सिलिका धूल को साँस लेने से उत्पन्न होती है। विभिन्न उपचार प्रयासों के बावजूद, उसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही थी और उसके फेफड़ों का प्रत्यारोपण करान के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था। एक कड़ी से छानबीन के बाद और मूल्यांकन केबाद, मरीज को ट्रांसप्लांट के लिए एक उत्तम उम्मीदवार माना गया।इस युवा पुरुष की आर्थिक स्थिति उपचार विकल्पों का समर्थन नहीं करती थी, लेकिन नारायण हेल्थ की पल्मोनरी टीम और सरकार की मदद ने उस मरीज को उपचार प्राप्त करने में सहायता की। मरीज का मूल्यांकन डॉ. दिपेश मास्के (वरिष्ठ सलाहकार - पल्मोनरीचिकित्सा, एनएचएमएमआईनारायणासुपरस्पेशलिटीहॉस्पिटल) द्वारा किया गया था। फेफड़ों का प्रत्यारोपण नारायणा हेल्थसिटी, बैंगलोर में डॉ. बाशाखान (वरिष्ठ सलाहकार -लग ट्रांसप्लांट एवं पल्मोनरी चिकित्सा, नारायणा हेल्थसिटी, बैंगलोर) द्वारा किया गया था। मरीज को आवश्यक उपचार और देखभाल प्रदान करने की बहुत खुशी है, यह कहते हुए डॉ. बाशाखान (वरिष्ठ सलाहकार -फेफड़ों का ट्रांसप्लांट और पल्मोनरी) जिन्होंन इस टीम का नेतृत्व किया था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - नकुल राम साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400507

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नकुल राम साहू आ श्री कृष्णा राम साहू निवासी- चंन्द्रनगर उपरपोटी दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उमरपोटी प.ह.न 42 तह.व जिला दुर्ग	818/4	0.020हे. 1800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री मनोहर लाल
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400505

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रविकांत साहू आ श्री निर्मल कुमार साहू निवासी ग्राम कसारीडीह दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
दुर्ग प.ह.न 24 तह.व जिला दुर्ग	887/64	0.009हे. 1045 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती माधुरी यदु
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400522

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती माधुरी यदु पति श्री राजेन्द्र कुमार यदु निवासी- सेक्टर 03 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	542/44	0.010हे. 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती गायत्री शुक्ला
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400528

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गायत्री शुक्ला पति श्री विक्रांत शुक्ला निवासी- सुपेला भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1577/65	0.010हे. 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती रिया सोनी
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400527

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती रिया सोनी पति श्री मनोज सोनी निवासी कैम्प 02 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
कुरूद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1577/64	0.010हे. 1200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती आशादेवी राय
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400264

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती आशादेवी राय पति श्री रामनारायण राय निवासी- ग्राम कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
कोहका प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	863/2	0.020हे. 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री कमलाकान्त यदु
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400526

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कमलाकान्त यदु आ श्री नरेन्द्र कुमार यदु निवासी- ग्राम मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
नगपुरा प.ह.न 02 तह.व जिला दुर्ग	1791/2	0.023हे. 2835 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती मद्मावती देवांगन
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304100400509

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मद्मावती देवांगन पति श्री सुनील कुमार देवांगन निवासी-हिन्द नगर रिसाली जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
धनोरा प.ह.न 39 तह.व जिला दुर्ग	316/3	0.019हे. 1828 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

संपादकीय

बद्‌जुबानी पर आखिर रोक कब?

जैसे ही कोई चुनाव निकट आता है राजनीतिक पार्टियों के बयानवीर नेताओं के बीच जुबानी जंग शुरू हो जाती है। जो बद्‌जुबानी करने से भी बाज नहीं आते। कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने पीएम मोदी को जहरीला सांप कहा है। उनके इस बयान के बाद भाजपा नेताओं ने भी जुबानी हमले तेज कर दिए है। मल्लिकर्जुन खड़गे जैसे वरिष्ठ नेता से यह उम्मीद नहीं की जा रही थी कि वे देश के प्रधानमंत्री के बारे में इस स्तर का बयान देंगे। इसके पूर्व भी गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बड़बोले नेताओं ने इसी तरह का स्तरहीन बयान दिया था। इसका नतीजा यह निकला कि गुजरात में इन दोनों ही पाटियों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी और भाजपा को प्रचंड बहुमत मिल गया। जुबानी जंग से ही चुनाव नहीं जीते जाते यह बात इन नेताओं को गांठ बांध कर रख लेनी चाहिए। रही बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तो वह विपक्षी नेताओं के ऐसे बयानों को गंभीरता से नहीं लेते है। उनका तो कहना है कि विपक्ष के नेता उन्हें चाहे जितनी गालिया दें वे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता, वो तो गालियों को गहना बना लेते है। दरअसल हर राजनीतिक पार्टी में ऐसे बड़बोले नेताओं की अच्छीखासी फौज है जो चुनाव के दौरान विवादास्पद बयानबाजी करने के लिए जाने जाते है। इस मामले में कोई भी पार्टी अछूती नहीं है।अपमानजनक टीकाटिप्पणी करने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले ऐसे बयानवीर नेताओं के खिलाफ उनकी पार्टी का आलाकमान कोई कड़ी कार्यवाही भी नहीं करता यही वजह है कि इनके हौसले बुलंद रहते है। यदि कभी कभार ऐसे किसी बड़बोले नेता के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की भी जाती है तो जल्द ही उनका निलंबन वापस लेकर उन्हे फिर पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी जाती है। पार्टी आलाकमान को यह बात समझनी चाहिए कि बयानवीर नेता अपमानजनक टीकाटिप्पणी कर अपनी ही पार्टी का नुकसान करते है। इसलिए उन्हे ऐसे नेताओं को जुबानदराजी करने से बाज आने की नसीहत देनी चाहिए। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सजा और फिर संसद सदस्यता समाप्ति प्रकरण की अपील के बाद जो भी अंतिम कानूनी और राजनीतिक परिणति हो, राजनेताओं की भाषा के गिरते स्तर को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भाषा का गिरता स्तर कभी विश्व गुरु कहे गए भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाता तो हरगिज नहीं। राहुल प्रकरण पर कानूनी और राजनीतिक बहस लंबी चलने वाली है लेकिन उसके मूल से सबक सीखने का कोई संकेत नहीं मिलता। राहुल प्रकरण के विरोध में आयोजित कांग्रेस के सत्याग्रह में उनकी बहन और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जिस तरह देश के प्रधानमंत्री को कायर बताते हुए अपने विरुद्ध कार्रवाई की चुनौती दी उससे साफ है कि बदजुबानी को राजनेता अपना विशेषाधिकार समझने लगे हैं।

पूरे विश्व के लिए 'नासूर' बना आतंकवाद

शशांक खरे

कुछ लोगों का मानना है कि कुछ ताकतवर राष्ट्र ही ऐसे आतंकवाद को जन्म देने के लिए दोषी हैं और जब उनके गले कोई मुसीबत पड़ती है, तो वे हायतौबा मचाते हैं. बाकी समय वे खामोश रहते हैं. कुछ साल पहले पेरिस में हुए आतंकी हमले पर विश्व समुदाय ने खूब आवाज बुलंद की थी, किंतु वांछित परिणाम सामने नहीं आया. आतंकवाद केवल एक देश की नहीं, समूची दुनिया की समस्या है. और इस समस्या के लिए उसी समय एक सार्थक पहल करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ग्लोबल फोकल पाइंट कॉन्फ्रेंस ऑन एसेट रिकवरी' के उद्घाटन सत्र में सुझाव दिया था, कि आतंकवादी संगठनों की फंडिंग (आर्थिक मदद) तुरंत बंद होनी चाहिए. तभी उसे कमजोर बनाया जा सकता है और उससे मुकाबला भी किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि आर्थिक मदद रोकने के लिए 'टारगेटेड इकॉनामिक सेक्शन' की स्थापना की जानी चाहिए. 'पेरिस' का हमला इस बात की ओर इशारा करता है कि ये संगठन ड्रग्स की तस्करी, बैंक डकैती, वाहनों की चोरी, जाली नोटों की छपाई जैसे गैर कानूनी मार्गों से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं और उसके भरोसे आतंक फैलाने की कोशिश भी करते हैं।

आतंकवाद से न सिर्फ भारत जैसा विशाल राष्ट्र बल्कि, दुनिया के सारे देश चाहे वह सबल हो या निर्बल, छोटे हों या बड़े, सभी देश जूझ रहे हैं. अभी हाल ही में जम्मू के पुंछ के पास भीमबेर गली में पिछले दिनों हुए आतंकी हमले में पांच से सात आतंकी शामिल थे. सेना पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की पड़ताल में ये बात सामने आई है कि सूत्रों के अनुसार इनमें से चार आतंकी सीमा पार, यानी पाकिस्तानी हैं. जिन्होंने अपने पाकिस्तानी हैंडलर्स के जरिए स्थानीय आतंकियों को शामिल कर करतूत को अंजाम दिया. विश्व के देशों ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है और विश्व स्तर पर इस समस्या पर मंथन हो रहा है. किंतु वांछित परिणाम सामने नहीं आ रहा है. इससे आतंकियों के मनोबल बढ़े हुए हैं.

कुछ लोगों का मानना है कि कुछ ताकतवर राष्ट्र ही ऐसे आतंकवाद को जन्म देने के लिए दोषी हैं और जब उनके गले कोई मुसीबत पड़ती है, तो वे हायतौबा मचाते हैं. बाकी समय वे खामोश रहते हैं. कुछ साल पहले पेरिस में हुए आतंकी हमले पर विश्व समुदाय ने खूब आवाज बुलंद की थी, किंतु वांछित परिणाम सामने नहीं आया. आतंकवाद केवल एक देश की नहीं, समूची दुनिया की समस्या है. और इस समस्या के लिए उसी समय एक सार्थक पहल करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ग्लोबल फोकल पाइंट कॉन्फ्रेंस ऑन एसेट रिकवरी' के उद्घाटन सत्र में सुझाव दिया था, कि आतंकवादी संगठनों की फंडिंग (आर्थिक मदद) तुरंत बंद होनी चाहिए. तभी उसे कमजोर बनाया जा सकता है और उससे मुकाबला भी किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि आर्थिक मदद रोकने के लिए 'टारगेटेड इकॉनामिक सेक्शन' की स्थापना की जानी चाहिए.

'पेरिस' का हमला इस बात की ओर इशारा करता है कि ये संगठन ड्रग्स की तस्करी, बैंक डकैती, वाहनों की चोरी, जाली नोटों की छपाई जैसे गैर कानूनी मार्गों से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं और उसके भरोसे आतंक फैलाने की कोशिश भी करते हैं. यदि इस पर रोक लगाने के लिए पूरा विश्व कदम उठाता है तो उन्हें बहुत हद तक कमजोर किया जा सकता है. ये बात सच है कि पैसा ही आदमी को ताकत प्रदान करता है और यदि वह वाम मार्गों से हासिल किया जाता है तो उसकी ताकत दोगुनी हो जाती है. 'आतंकवाद' का नासूर बन जाना न सिर्फ भारत, बल्कि अमेरिका और रूस जैसे महाशक्ति के लिए भी चिंता का विषय है. पैसा इंसान को आकर्षित करता है और उस लालच में वह भटक जाता है और ऐसे संगठन तैयार होते हैं. कुछ हद तक राजनीतिक विद्वेष और वैमनस्य भी इसके लिए जिम्मेदार है. सरकारों की अनदेखी और अनसुनी भी इसके कारण हो सकते हैं.

भारतीय प्रधानमंत्री के सुझाव को यदि विश्व के सभी राष्ट्र सहमति प्रदान करते हैं तो वो दिन दूर नहीं जब आतंकवाद और आतंकी संगठन मृत्युशैय्या पर अंतिम सांसें गिनते नजर आएंगे. भारत के साथ-साथ सभी देशों को ये जान लेना चाहिए कि ये एक नैसर्गिक सत्य है कि जो जैसा करेगा, वैसा ही भरेगा. देर सबेर उसके गनाहों की सजा उसे मिलेगी ही.

आतंक से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला. खून-खराबे से सिवाय विध्वंस और अशांति के हम कुछ नहीं पा सकते. हम आशा करते हैं हमारे प्रधानमंत्री के सुझावों के साथ सारा विश्व कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा. पाकिस्तान की माली हालत अत्यंत ही खराब है, किंतु पाकिस्तान अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है.

उल्लेखनीय है कि, पुंछ के भट्ठादोरियां अंचल में अक्टूबर 2021 में सेना पर आतंकियों ने हमला किया था. इस वारदात में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे. लगभग 15-20 जिन तक सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया था. लेकिन, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई. दरअसल, भट्ठादोरियां क्षेत्र सघन वन इलाका है. यहां छिपने की कई गुफानुमा जगह हैं. ये इलाका एलओसी से केवल 20 किमी की दूरी पर है. वारदात के समय सीमा के उस पार भागना आसान है. राजौरी और पुंछ में जेके गजनवी फोर्स का आतंक है. जैस के पिछलग्गू संगठन पीएएफएफ ने वारदात का जिम्मा लिया है, लेकिन आशंका है कि इसके पीछे लश्कर का हाथ हो सकता है.

भारतीय प्रधानमंत्री के सुझाव को यदि विश्व के सभी राष्ट्र सहमति प्रदान करते हैं तो वो दिन दूर नहीं जब आतंकवाद और आतंकी संगठन मृत्युशैय्या पर अंतिम सांसें गिनते नजर आएंगे. भारत के साथ-साथ सभी देशों को ये जान लेना चाहिए कि ये एक नैसर्गिक सत्य है कि जो जैसा करेगा, वैसा ही भरेगा. देर सबेर उसके गनाहों की सजा उसे मिलेगी ही. आतंक से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला. खून-खराबे से सिवाय विध्वंस और अशांति के हम कुछ नहीं पा सकते. हम आशा करते हैं हमारे प्रधानमंत्री के सुझावों के साथ सारा विश्व कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा. पाकिस्तान की माली हालत अत्यंत ही खराब है, किंतु पाकिस्तान अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है. उल्लेखनीय है कि, पुंछ के भट्ठादोरियां अंचल में अक्टूबर 2021 में सेना पर आतंकियों ने हमला किया था. इस वारदात में सेना के चार जवान शहीद हो गए थे. लगभग 15-20 जिन तक सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया था. लेकिन, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई. दरअसल, भट्ठादोरियां क्षेत्र सघन वन इलाका है. यहां छिपने की कई गुफानुमा जगह हैं. ये इलाका एलओसी से केवल 20 किमी की दूरी पर है. वारदात के समय सीमा के उस पार भागना आसान है. राजौरी और पुंछ में जेके गजनवी फोर्स का आतंक है. जैस के पिछलग्गू संगठन पीएएफएफने वारदात का

आज का पंचांग (शुक्रवार, 29 अप्रैल 2023)

सूर्योदय : 05:56,सूर्यास्त : 06:54
चन्द्रोदय : 12:02,चन्द्रास्त : 26:11

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : मघा, योग : शूल (09:39 से गण्ड), प्रथम करण : बव (16:01 तक), द्वितीय करण : बालव (29:12 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कर्क मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:48 से 12:41, विजय मुहूर्त : 14:27 से 15:20, गोधूलि मुहूर्त : 18:51 से 19:12, सायाह्न सन्ध्या : 18:52 से 19:56, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:36, राहुकाल : 09:00 से 09:00, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:33 से 17:13, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : उत्तर, शिववास : श्मशान में (16:01 से गौरी के साथ)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - चर, 2 - लाभ 3 - अमृत, 4 - काल, 5 - शुभ, 6 - रोग, 7 - उद्वेग, 8 - चर

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - रोग, 2 - काल, 3 - लाभ, 4 - उद्वेग, 5 - शुभ,6 - अमृत, 7 - चर, 8 - रोग

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः उत्तर-पश्चिम (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम मघा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (मा, मी, मू, मे,) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मेष - 29:01 से 06:35, वृषभ - 06:35 से 08:29, मिथुन - 08:29 से 10:44, कर्क - 10:44 से 13:06, सिंह - 13:06 से 15:25, कन्या - 15:25 से 17:43, तुला - 17:43 से 20:04, वृश्चिक - 20:04 से 22:23, धनु - 22:23 से 24:27, मकर - 24:27 से 26:08, कुम्भ - 26:08 से 27:34, मीन - 27:34 से 28:57।

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 05:37 से 06:35, चोर पञ्चक - 06:35 से 08:29, शुभ मुहूर्त - 08:29 से 09:53, रोग पञ्चक - 09:53 से 10:44, शुभ मुहूर्त - 10:44 से 13:06, मृत्यु पञ्चक - 13:06 से 15:25, अग्नि पञ्चक - 15:25 से 16:01, शुभ मुहूर्त - 16:01 से 17:43, रज पञ्चक - 17:43 से 20:04, शुभ मुहूर्त - 20:04 से 22:23, चोर पञ्चक - 22:23 से 24:27, शुभ मुहूर्त - 24:27 से 26:08, रोग पञ्चक - 26:08 से 27:34, शुभ मुहूर्त - 27:34 से 28:57, शुभ मुहूर्त - 28:57 से 29:36।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज के दिन आपका स्वभाव बात-बात पर गरम होगा। किसी से किया वादा पूर्ण ना करने पर अपमानित होना पड़ेगा।

वृष- आज के दिन आप अपनी बात मनवाने के लिये सामने वाले पर नाजायज दबाव बनाएंगे जिससे आपसी संबंध खराब होने का भय रहेगा।

मिथुन - आपके लिये आज का दिन आशा से कम लाभदायक लेकिन फिर भी संतोषजनक रहेगा।

कर्क- आज का दिन भी आपके अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज स्वभाव में थोड़ी तल्खी रहने से आपसी व्यवहारिकता में कमी आएगी।

सिंह- आज का दिन भी संघर्ष से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई दुखद घटना से मन बेचैन रहेगा। दिनचार्य आज अस्त-व्यस्त ही रहेगी।

कन्या- आज आप अपने अभिमानी स्वभाव के कारण घर मे बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेंगे इसके विपरीत कार्य अथवा सामाजिक क्षेत्र पर ऐश्वर्य वृद्धि होगी।

तुला - आज का दिन भी भाग-दौड़ में बीतेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी कार्य को करने के लिए व्यस्त हो जाएंगे।

वृश्चिक - आज आप धार्मिक कार्यो के लिये अपने नियत कार्यक्रम को रद्द करेंगे जिससे बाद में अधिकांश कार्य अस्त-व्यस्त होंगे।

धनु- आज का दिन भी प्रतिकूल रहेगा। शारीरिक रूप से असमर्थ रहने के कारण आवश्यक कार्यो में विलंब होगा स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

मकर- आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ी तेजी रहने के कारण किसी के मार्गदर्शन को भी अहम से जोड़ेंगे।

कुंभ- आज के दिन आप लापरवाहि ज्यादा करेंगे। छोटी-छोटी गलती भी आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है इसका विशेष ध्यान रखना होगा।

मीन - आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य अधिक रहेगा। लापरवाहि में लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है सतर्क रहें। कार्य व्यवसाय में आज बीते कल की अपेक्षा तेजी रहेगी धन कमाने के मौके मिलते रहेंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िन्दगी में पहली

ज़िन्दगी में पहली बार किसी को पलट के देखा और उन्हें गुमान हो गया, वो बैठे ताकते रहें मुस्कुराते रहें हम बेखबर उन्हें खोजने में मशरूफ! फिर एक हल्की सी दिल में दस्तक हुई और नज़रे दो से चार हुईं, मुझे इल्म न था मोहब्बत में आहटों का कितनी शिद्दत थी, तुम्हारी धड़कन की पुकार में जहाँ ना पहुँचे रवि वहाँ पहुंची नज़रे! **- मधुबाला मौर्या**

रंग कुमकुम भाल

रंग कुमकुम भाल चढ़ा कर लहर लटा. सुलझ उलझ, क्या सुलझाओगी? रोशनी भोर की मुख मली दली विस्तीर्ण अनंत उल्लास लिए क्या हमे भी दे जाओगी? खनक हँसी लहर लहर कीर्ति पताका फहर फहर, क्या फहराओगी? फेन दूध सा लिए हुए घोल घोल कर क्या खीर कोई पकाओगी? सन्तरी धूप ढेर भर ली झोली में मन आंगन मे खूब बिखर बिखराओगी? **-डॉ मेनका त्रिपाठी**

ख़ास पाती | जिन स्त्रियों को हिचकियां नहीं

जिन स्त्रियों को हिचकियाँ नहीं आतीं उन्हें क्या कोई याद नहीं करता हो सके तो एक बार ऐसी किसी स्त्री को यकीन दिलाना की वो तुम्हें याद आती रहती हैं यूँही अचानक कभी कभी बिना किसी वजह के शायद एक स्त्री इतने ही दो शब्दों से पिघल जाय और उसका खोया वजूद उसे अवाज़ देने लगे शायद इन शब्दों से उसके जीवन में संजीवनी घुल जाय सच हिचकियाँ विहीन स्त्रियाँ कितनी बेबस होती हैं सदियों तक इंतजार करती हैं उस एक हिचकी का जो उसके वजूद को याद करते हुए कोई उसका नाम लेता है? **- सीमा राय द्विवेदी**

देखा है कभी जमीन

देखा है कभी जमीन और आसमान को एक होते हुए? दूर बहुत दूर लगता है वे मिल रहे हैं वहां जाओ तो और आगे उतनी ही दूर एक अंत हीन सफर कभी अपने पास देखा है? जमीन को आसमान ने ही घेर रखा है आसमां कहाँ से शुरू ? जहाँ धरती की सीमा है धरती की सीमा कहा है? जहाँ तुम खड़े हो जमीन और आसमान जुदा केवल नजरों की वजह से वास्तव में जुदा नही। हम तुम भी तो जुदा नही हुए यादों का आसमान बन घेरे हुए हो कहने को जुदा पर जुदा नही हो। **- नवीन शंकर शर्मा**

आपकी बिल्डिंग की छत गिरने

आपकी बिल्डिंग की छत गिरने वाली हो तो निम्न उपाय करें- 2 करोड़ के परदे लगायें... थोड़ा हार्ड.... ताकि छत को सपोर्ट मिले.... 5 करोड़ की टाइल्स लगायें.... ताकि इतनी महंगी टाइल्स देख के छत शर्म से न गिरे....5 करोड़ का स्विमिंग पूल बनायें.... ताकि अगर छत गिरती है.... तो उसमें छपाक से कूद के जान बचाई जा सकें। **- कुमार संतोष**

इस उग्रवाद आतंकवाद की भेंट

इस उग्रबाद आतंकवाद की भेंट चढ रहे हैं जवान। प्राकृतिक विपदाओं से मौत की ओर बढ रहे किसान। नेताओं की कुटिल कूटनीतिक चालें देखिये यारो। जीतेजी न दर्द बांटते मरने पर मिलता अनुदान। **- राजकुमार शर्मा**

मैं एक कदम, रखती हूँ मुझे

मैं एक कदम, रखती हूँ, मुझे सौ लोग, मिलते हैं, सबके सब, अपना सुरसा मुख, खोले हुए, मैं भी, हनुमान की, वंशज हूँ, धारण कर लेती हूँ, अति सूक्ष्म रूप, और माप ही, लेती हूँ, हर एक अंतस का, वास्तविक धरातल, शायद यही कारण है, कि पर्वत अब, मुझे बहुत, ऊँचे नही लगते, न ही बहुत, गहरी लगती हैं, गहराइयाँ। **- ममता अमर**

आमंत्रण नेताओं के,घर-घर देते

आमंत्रण नेताओं के,घर-घर देते भोज, लालच दे कर,वोट को, जन की करते खोज। मीठा,दारू,पकौड़ियाँ, खर्चा करते खूब, सुध ना ली अब तक जिन्ने,हाथ जोड़ते रोज। **- रानी इन्दु**

जपते रहिए प्रेम से,जय

जपते रहिए प्रेम से,जय हनुमान। काम पूर्ण होंगे सभी,लें जो ठान। पवनपुत्र हनुमान हैं,प्रभु के दास। पूरी करते हैं सदा,जन की आस। कोई भी रहता नहीं,कष्ट अभाव। पार लगाते हैं सदा,सबकी नाव। हो जाता है काम हर,तब आसान। करते भक्तों पर कृपा,जब हनुमान बढ़ जाता जब जगत में, पापाचार। आंजनेय उसका करें ,तब संहार। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661: चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया। 1639: दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई। 1813: अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया। 1848: सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म। 1930: ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत। 1939: नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। 1954: प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए। भारत में इसे पंचशील संधि कहते हैं। यह संधि 3 जून को लागू हुई थी। 1978: अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए हैं। 1991: बांग्लादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए। 1993: पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया।

QUIZ TIME

1) भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में पंचायतन शब्द का संबंध किससे था?
2) ऑस्ट्रेलिया में अवस्थित कालगुर्ली किस खनिज संसाधन के उत्पादन के लिए विख्यात है?
3) भारत में वर्ष 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत सर्वप्रथम लोक सेवा आयोग की स्थापना कब की गई?
4) नीरांचल सम्भरण योजना का संबंध मुख्य रूप से किससे है?
5) अर्थशास्त्र में मैक्रो और माइक्रो शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मंदिर रचना शैली (2) स्वर्ण उत्पादन (3) वर्ष 1926 (4) सिंचाई (5) रागनर फ्रिश्च

प्रेरक प्रसंग - पहनावा

एक महिला को सब्जी मंडी जाना था। उसने जूट का बैग लिया और सड़क के किनारे सब्जी मंडी की और चल पड़ी। तभी पीछे से एक ऑटो वाले ने आवाज़ दीः 'कहाँ जायेंगी माता जी...?' महिला ने ''नहीं भैय्या'' कहा तो ऑटो वाला आगे निकल गया। अगले दिन महिला अपनी बिटिया कल्पना को स्कूल बस में बैठाकर घर लौट रही थी। तभी पीछे से एक ऑटो वाले ने आवाज़ दीः 'बहन जी 'इंद्रपुरी' जाना है क्या...?' महिला ने मना कर दिया।

पास से गुजरते उस ऑटो वाले को देखकर महिला पहचान गई कि ये कल वाला ही ऑटो वाला था। आज महिला को अपनी सहेली के घर जाना था। वह सड़क किनारे खड़ी होकर ऑटो की प्रतीक्षा करने लगी। तभी एक ऑटो आकर रुकाः ''कहाँ जाएंगी मैडम...?'' महिला ने देखा ये वो ही ऑटो वाला है जो कई बार इधर से गुज़रते हुए उससे पूछता रहता है चलने के लिए। महिला बोलीः ''देवांगना चौक है ना हजारीबाग में, वहीं जाना है, चलोगे...?''

ऑटो वाला मुस्कुराते हुए बोलाः चलेंगें क्यों नहीं मैडम, आ जाइये...! ऑटो वाले के ये कहते ही महिला ऑटो में बैठ गयी। ऑटो स्टार्ट होते ही महिला ने जिज्ञासावश उस ऑटो वाले से पूछ ही लियाः 'भैय्या एक बात बताइये...? दो-तीन दिन पहले आप मुझे माताजी कहकर चलने के लिए पूछ रहे थे, कल बहन जी और आज मैडम, ऐसा क्यूँ...?'' ऑटो वाला थोड़ा झिझककर शरमाते हुए बोलाः 'जी सच बताऊँ... आप चाहे जो भी समझें पर किसी का भी पहनावा हमारी सोच पर असर डालता है। आप दो-तीन दिन पहले साड़ी में थीं तो एकाएक मन में आदर के भाव जागे, क्योंकि मेरी माँ हमेशा साड़ी ही पहनती है। इसीलिए मुँह से स्वयं ही ÷माता जी÷ निकल गया। कल आप सलवार-कुर्ते में थीं, जो मेरी बहन भी पहनती है। इसीलिए आपके प्रति स्नेह का भाव मन में जागा और मैंने ''बहन जी'' कहकर आपको आवाज़ दे दी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -048

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल

पं	कि	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	डु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	यां	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

शिव की दुनिया में कंकर भी शंकर हैं: पंडित प्रदीप मिश्रा

- श्री एकांतेश्वर महादेव की कथा का चौथा दिन
- श्रद्धालुओं की सेवा में दिन-रात तत्पर हैं हजारों सेवादार

भिलाई/ नवप्रदेश। देश- विदेश में शिव महापुराण की कथावाचन करने के लिए प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) की भिलाई में श्री एकान्तेश्वर महादेव की कथा के चौथे दिन भी कथा स्थल जयंती स्टेडियम श्रद्धालुओं से पूर्णतः भरा रहा। सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के जरिए पंडित जी लोगों को महादेव की अराधना से जोड़ रहे हैं। उनके कथा आयोजनों में भारी भीड़ उमड़ती है और देश के कोने-कोने से लोग उन्हें सुनने के लिए पहुंचते हैं।

कथास्थल पर उपस्थित प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महादेव की सेवा में लगे सभी सेवादारों एवं श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी की श्रद्धाभाव से आज इस्पातनगरी महादेव की भक्ति से परिपूर्ण हो गई है।

देवाधिदेव महादेव के प्रति लोगों की आस्था एवं श्रद्धा भाव ऐसा हैं की दो दिन पहले से ही हजारों श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच जाते हैं और दरी बिछाकर कथा स्थल पर अपनी जगह आरक्षित कर लेते हैं। भिलाई के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के आस पास के जिलों के तथा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु लगातार भिलाई पहुँच रहे हैं। जिनका दो-तीन दिन पूर्व भिलाई आने का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि वह पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से महादेव की कथा श्रवन अग्रिम पंक्ति में बैठ कर सकें। शिव महापुराण कथा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए हजारों की संख्या में सेवादारों ने मोर्चा सम्भाल रखा हैं। दिन-रात कथा स्थल पर सेवादार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निस्वार्थ भाव से तत्पर रहते हैं जो बैठक व्यवस्था, पार्किंग वयवस्था, पानी के पैकेट का वितरण तथा अन्य व्यवस्थाओं की देख रेख में रहते हैं।

कथा में आये श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सेवादारों के साथ-साथ भिलाई के निवासी, सामाजिक संगठन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन भी कंधे से कंधे मिलकर पंडाल, पेयजल, भोजन, यातायात, स्वास्थ्य, प्रचार से लेकर प्रशासनिक समन्वय तक की वयवस्था संभाल रहे हैं। किसी ने प्याऊ की व्यवस्था की हैं तो कोई श्रद्धालुओं को भोजन के पैकेट, बिस्किट, शरबत बांटकर महादेव की सेवा में सहभागी बन रहा है। कथा का श्रवण करने आज प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सपत्निक कथास्थल पहुंचे।

श्रद्धालुओं की बढती भीड़ एवं गर्मी को मद्देनजर रखते हुए किसी भी प्रकार की आपातकालीन समस्याओं से निपटने के लिए सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय दुर्ग के नेतृत्व में जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा में सहयोग देने के लिए पुलिस प्रशासन एवं श्रद्धालुओ की सेवा हेतु व्यापारियों की तारीफ की। उन्होंने कहा की अपने दुकान के आस-पास टेंट में श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते एवं छाँव में ठहरने की व्यवस्था कर भिलाई के व्यापारियों ने अपनी महादेव की सेवा करने का कार्य किया है।

दंतेवाडा नक्सली हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि- कथा के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने दंतेवाडा नक्सली हमलों में शहीद जवानों को लाखों श्रद्धालुओं के साथ श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा की कायरों की तरह बेकार कर्म करके मरने से बेहतर हैं देश के लिए बलिदान देना। पंडित जी ने कहा की राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का त्याग कर वीरतापूर्वक शहीद होने वाले सभी जवानों को व्यास पीठ श्रद्धांजली अर्पित करता हैं।÷ उन्होंने महादेव से शहीद जवानों को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश- अपनी कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म से जोड़ने के साथ ही पंडित प्रदीप मिश्रा सामाजिक मुद्दों पर भी अपना सन्देश देते रहते हैं। भिलाई में अपने चौथे दिन की कथा में पंडित जी ने कहा की जिस प्रकार आप गर्मी में ठंड के लिए कूलर में पानी डालते हैं, अगर वैसे ही अपने घर के आस पास के वृक्षों को भी जल देते रहेंगे तो कूलर में पानी डालने की जरूरत नही पड़ेगी।

कूलर में दो बाल्टी पानी डालने से बेहतर हैं आप दो लोटा जल पेड़ों में डाले। पंडित जी ने नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए निर्माल्य रथ की शुरुआत की हैं। जिसके माध्यम से वाहन घरों एवं मंदिरों से पूजा उपरांत शेष पुष्प एवं बेलपत्र एकत्रित करता हैं एवं उसका खाद बनाकर खेतों में उपयोग किया जाता हैं।

कालाबाजारी करने वालों पर किया कड़ा प्रहार - पंडित जी ने अपनी कथा में कालाबाजारी एवं श्रद्धालुओं को लूटने का कार्य करने वालों पाखंडियों पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा की कुछ लोग कुबेरेश्वर धाम का बताकर रुद्राक्ष बेचते हैं, जबकि कुबरेश्वर धाम का रुद्राक्ष निशुल्क मिलता हैं और सिर्फ कुबरेश्वर धाम की भूमि पर मिलता हैं। वहां वीआईपी सेवा नही चलती जिसे रुद्राक्ष चाहिए होता हैं उसे सीहोर आना पड़ता हैं। उन्होंने कहा की जहाँ कुछ दुकानदार निस्वार्थ भाव से भोले भक्तों की सेवा कर रहे हैं, वही कुछ व्यापारी इस अवसर पर 10 रुपये की पानी की बोतल को 40 रुपये में बेच रहे हैं। भोलेनाथ के पास सबका हिसाब हैं।

शिवलिंग पर जलाभिषेक करने का सही नियम बताया- पंडित जी ने कथा में बताया की अक्सर लोग पूछते हैं की हमें पूजा का फल नहीं मिल रहा हैं, इसकी वजह उनका शिवलिंग पर गलत तरीके से जलाभिषेक करना हैं।

शिवलिंग पर जलाभिषेक करते समय हाथ एवं पात्र शिवलिंग को छूने नहीं चाहिए एवं धीमी गति से जलाभिषेक करना चाहिए। जल चढाने के बाद तीन ऊँगली से चन्दन लगाना चाहिए अगर चन्दन नहीं हैं तो बिना चन्दन के ही तीन ऊँगली से तिलक लगाकर पुष्प एवं बेलपत्र चढ़ाना चाहिए। इस प्रकार से शिव जी को जलाभिषेक करने एवं पुष्प, बेलपत्र से श्रृंगार करने पर फल की प्राप्ति होती हैं।

भारत भूमि विश्व का गौरव हैं- अपनी कथा में उन्होने आगे कहा की भारत विश्व का गौरव हैं। आज सम्पूर्ण विश्व के लोगों को भारत पर गर्व होता हैं। भारत भूमि पर पत्थर भी तैर जाता हैं ठीक उसी प्रकार निर्मल हृदय से भोलेनाथ की आराधना करने से मनुष्य भी भवसागर पार कर लेता हैं। उन्होंने कहा की महादेव मनुष्य के जीवन रूपी हवाई जहाज के पायलट हैं, आप भक्ति की सीट बेल्ट बांध कर रखे। जीवन की सभी समस्याओं को निवारण महादेव करेंगे।

प्रत्येक मनुष्य को अपना कर्म भोगना पड़ता हैं- अपनी कथा में उन्होंने बताया की मृत्यु लोक में प्रत्येक मनुष्य को अपने कर्म भोगने पड़ते हैं चाहे वो साधू हो संत हो या साधारण मनुष्य हो। अच्छे कपड़े पहनने से, महंगी गाड़ियों में घुमने से कोई महान नहीं बनता मनुष्य अपने कर्म से महान बनता हैं। 25 लाख की गाड़ी में घुमने वाला भी 25 रूपये के लोटे में हरिद्वार पहुँचता हैं, इसलिए मनुष्य को अपना जीवन सद्कर्म एवं भक्ति में लगाना चाहिए।

सात जगहों पर चन्दन लगाने से पितृ दोष से मिलती हैं मुक्ति- पितृ दोष से मुक्ति का उपाय बताते हुए उन्होंने बताया की अमावस्या के दिन शिवलिंग में सात जगह चन्दन लगाने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती हैं - शिवलिंग पर, शिवलिंग विराजमान गणेश जी , कार्तिकेय जी, अशोक सुन्दरी, जलधारी, जल बहने के विपरीत, नंदी के सिंग पर ।

श्रद्धालु ने पत्र के माध्यम से बताया पशुपति व्रत से प्राप्त हुआ पुत्र- पत्र के माध्यम से कथा में श्रद्धालु रोजाना अपने अनुभव बताते हैं। आज एक भक्त ने बताया की उसकी बहन को पशुपति नाथ व्रत से संतान सुख की प्राप्ति हुई। रविकांत साहू ग्राम बनगर जिला कुरूद धमतरी निवासी ने अपने पत्र में लिखा था की उनकी बहन के पहले बेटे की मृत्यु 12 वर्ष की आयु में 28 दिसम्बर 2022 को चल बसा।

इस दुःख से बहन बहुत निराश हो चुकी थी। तब इन्होने अपनी बहन को पशुपति व्रत करने के लिए कहा, बहन ने कहा की डॉक्टर ने जब एक ही संतान के लिए कहा था अब वो भी चला गया तो दूसरा पुत्र अब कहा से होगा। रविकांत जी ने बताया की उन्होंने अपनी बहन से कहा भोलेनाथ पर भरोसा करो। भोले नाथ पर भरोसा करके पशुपति नाथ का व्रत करना प्रारम्भ किया और भोलेनाथ की कृपा से पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई हैं।

न्यूज गैलरी

प्रसन्न सागर महाराज का विधायक व महापौर ने किया स्वागत

दुर्ग। जैन मुनि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर महाराज का सत्संग आगमन हुआ विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया स्वागत,आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर महाराज भगवान का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया शहर में सुख समृद्धि की कामनाएं की।विधायक ने कहा आपका नगर आगमन ही हमारा शौभाग्य है,आपके आगमन से शहर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में सुख समृद्धि का वातावरण बना हुआ है।नगर आगमन पर जैन समाज के साथ साथ समस्त नगर वासियो द्वारा भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर एल्डरमेन राजेश शर्मा,शंकर ठाकुर,देवा सिन्हा,सुमित वोरा के अलावा समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

पात्र/अपात्र की सूची का आपत्ति दावा के लिए प्रारंभिक प्रकाशन

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान-मोर आस के हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित कर दी गई है। मोर मकान-मोर आस के तहत् निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों से दिनांक 26.04.2023 तक प्राप्त आवेदनों एवं दस्तावेजों के आधार पर सूची तैयार की गई है। 10 मई 2023 दिन बुधवार तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है।सूची को विभागीय वेबसाईड www.municipalcoporationdurg.in में देखा जा सकता है तथा यह सूची नगर निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है।

महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने आवेदकों से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय में लिखित रूप में दावा-आपत्ति कर सकते है तथा समयावधि उपरांत कोई भी दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा।जिन आवेदको ने फार्चून हाईट्स में आवेदन किया है उन्हें सूचित किया जाता है कि वह फार्चून हाईट्स में सभी भवन आबंटित हो चुके है इस कारण वहाँ अन्य परियोजना के भवन का चयन कर सकते है।जिन- जिन परिवारों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा चुका है किंतु उन्होने आबंटन पत्र प्राप्त नही किया है ऐसे परिवारो से माननीय महापौर ने अनुरोध किया है कि अपना आबंटन पत्र डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाईब्रेरी, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से प्राप्त कर लेवे।

घरों में नल टोटी लगाने का कार्य शुरू

दुर्ग। नगर पालिक निगम द्वारा ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए व नल से व्यर्थ पानी को बहने से रोकने के लिये नलों में प्लास्टिक का नल टोटी लगाया जाना प्रस्तावित है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र की सीमा अंतर्गत घरों में जहाँ पूर्व से अथवा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत नल कनेक्शन स्थापित किये गये है।

महापौर ने लेखापाल संध्या वर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

- महापौर ने सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना

दुर्ग/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने कक्ष पर मुख्य लिपिक व लेखापाल संध्या वर्मा की सेवानिवृत्ति पर उन्हें श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पूरे सम्मान के साथ दी विदाई ,इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, लेखाधिकारी आर.के. बोरकर ने उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की एवम संध्या वर्मा को पुष्प भेंट की। सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारी ने अपने अनुभवों को साझा किए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है, आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो, निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी आवश्यकता होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए। कार्यक्रम कर स्टाफ की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न स्वरूप पुष्पमाला भेंट किया गया।

गुरूकुल के छात्र ने लहराया परचम

कवर्धा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय सैनिक प्रवेश परीक्षा 2023 में गुरूकुल पब्लिक स्कूल का छात्र हृदय अग्रवाल आत्मज श्री दीपक अग्रवाल ने 350 रैंक के अन्दर रैंक प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में लगभग दो लाख परीक्षार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का अथक प्रयास किए। जिनमें शाला का छात्र हृदय अग्रवाल ने सफलता प्राप्त कर परचम लहराया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के पदाधिकारीगण, प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह व पूरा विद्यालयीन परिवार उक्त छात्र को हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए निकली भर्ती

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय के निर्देश के अनुरूप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जानी है। नगर पालिका निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 22, 18, 33, 48, 17, 11, 29 और नगर पालिका निगम रिसाली के वार्ड क्रं. 20 के क्रमशः आंगनबाड़ी केंद्र अटल आवास कुरूद, अम्बेडकर नगर कैंप 1, संतोषी पारा -2, खुर्सीपार जोन 3 क्रं. 1, आनंद चौंक सुपेला, सुंदर नगर कोहका, वृंदानगर 1 व उत्कल नगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद रिक्त है।

ऑनलाइन प्रक्रिया से भवन निर्माण का नक्शा पास करायें

- डायरेक्ट भवन अनुज्ञा परियोजना का नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने किया शुभारंभ

दुर्ग/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने आज नगर निगम भिलाई चरौदा में ऑनलाइन भवन अनुज्ञा सिस्टम शुरू किया है। इन नगर निगमों में इस सुविधा का शुभारंभ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया द्वारा अपने निवास कार्यालय से किया गया। इन तीन नगर निगमों में यह सुविधा शुरू होने के साथ ही प्रदेश के सभी नगर निगमों में भवन निर्माण का नक्शा पास करने की प्रक्रिया ऑनलाईन हो गई है। प्रदेश की 11 नगर निगमों में ऑनलाईन भवन अनुज्ञा परियोजना पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुसार राज्य के सभी शहरों में चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन भवन अनुज्ञा सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है। यह परियोजना राज्य के तीन शहरों को आधुनिक बनाने की कड़ी में एक बड़ा कदम है। इस सेवा के माध्यम से, शहरों में भवन अनुज्ञा प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है। इसमें सभी फिजिकल टच प्वाइंट को हटाया गया है, जिससे नागरिकों को भवन अनुज्ञा से संबंधित कार्य हेतु कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है, दस्तावेजों का परीक्षण भी ऑनलाइन होगा एवं ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है। अधिकारियों के लिए भी इस सॉफ्टवेयर में समय-सीमा तय की गई है, जिससे यह सुविधा नागरिकों को समय-सीमा में दी जा सके। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से, छत्तीसगढ़ मॉडल के डायरेक्ट भवन अनुज्ञा प्रोजेक्ट को भी इन शहरों में प्रारंभ किया गया है।

4 मई को मेगा प्लेसमेंट कैम्प, रोजगार के लिए युवा पहुंचे बी.आई.टी. कॉलेज

दुर्ग। जिले में संचालित रोजगार कार्यक्रम सृजन के तहत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 4 मई को प्रातः 10.00 बजे बी.आई.टी. कॉलेज दुर्ग में किया जायेगा। मेगा प्लेसमेंट कैम्प में 10 नियोक्ताओं के माध्यम से लगभग 5500 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जायेगी। इस मेगा प्लेसमेंट कैम्प का लाभ युवा ले सकें इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वो ज्यादा से ज्यादा अपनी उपस्थिति कैम्प स्थल पर दर्ज कराए।

खगोलीय घटनाओं तथा ब्रम्हांड की सैर कर पाएंगे शहरवासी

- टेलीस्कोप के माध्यम से दिखेगा आकाशीय नजारा
- 29 अप्रैल को शाम 8 बजे से होगा प्रारंभ

दुर्ग/ नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान दिवस के उपलक्ष में नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत शहीद पार्क सेक्टर 5 में भिलाई वासियों को 29 अप्रैल की शाम 8 बजे टेलिस्कोप के माध्यम से ब्रह्मांड तथा खगोलीय घटनाओं का नजारा निःशुल्क दिखाया जाएगा। परिवार के सभी वर्ग के लोग स्टारगेजिंग के माध्यम से अकाशगंगा से लेकर खगोलीय घटनाओं को देख पाएंगे। महापौर नीरज पाल एवं निगम निगम आयुक्त रोहित व्यास का यह पहला अभिनव पहल है जिसमें खगोलीय घटनाओं से लोगों को अवगत कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से भी ग्रहों के बारे में लोगों को अवगत कराया जाएगा और विस्तार से जानकारी जी जाएगी।

110 गुना जुमिंग केपीसीटी वाले रिफ्लेक्टिव टेलिस्कोप से ग्रहों को नजदीक से देखने का मौका पहली बार लोगो को मिलेगा। अकाशीय गतिविधि तथा खगोलीय घटनाओं को देखने के लिए खुले स्थान की आवश्यकता होती है, शहीद गार्डन में लोग परिवार के साथ घूमने आते हैं इसलिए इस गार्डन का चयन किया गया है, जहां आसानी से ग्रहों को निहारा जा सकेगा। सूर्य, चंद्रमा, तारे, पृथ्वी, जूपिटर आदि ग्रहों की विस्तृत जानकारी भी लोगों को 29 अप्रैल को बताई जाएगी।

ब्रह्मांड में होने वाले गतिविधियों, आसमान का रंग नीला क्यों होता है, तारे क्यों चमकते हैं, चांद और सूरज कहां छिप जाता है, रात के समय आसमान काला क्यों दिखाई देता है, गुरुत्वाकर्षण का क्या प्रभाव पड़ता है, कितने प्रकार के ग्रह होते हैं

चंद्रमा आर्बिट कैसे करता है, टिमटिमाते तारों आदि के बारे में जानने की जिज्ञासा हर किसी के मन में होती है तथा दूर आसमान में ग्रहों को नजदीक से देखने की उत्सुकता भी होती है। यह उत्सुकता 29 अप्रैल को आम लोगों के लिए दूर हो जाएगी और जो भी लोग टेलीस्कोप के माध्यम से ग्रहों को देखना चाहेंगे वह आसानी से ग्रहों को देख पाएंगे।

वॉल पेंटिंग के माध्यम से दे रहे स्वच्छता का संदेश

- दीवारों पर रंग रोगन की सुंदर कलाकृति स्वच्छता के प्रति फैला रही है जागरूकता

भिलाई/ नवप्रदेश। निगम के महापौर नीरज पाल और आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई हर संभव प्रयासरत है। स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए निगम के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। नेहरू नगर जोन, वैशाली नगर जोन, मदर टेरेसा नगर एवं शिवाजी नगर जोन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों, अधिक आवागमन वाले स्थलों, मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहे है, दीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते हुए आमजन को जागरूक कर रहे है। स्वच्छता महाअभियान के तहत रहवासी क्षेत्रों की सड़क, नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही शहर में झिल्ली, पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है।

नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने सार्वजनिक स्थानों, मुख्य उद्यानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों के किनारे व चौक चौराहों पर वॉल पेंटिंग बनवाई है। गोल बाजार क्षेत्र, गौरव पथ, कोहका, कुरूद क्षेत्र, जुनवानी, नेहरू नगर, राधिका नगर, लक्ष्मी नगर, इंदिरा नगर, आकाशगंगा मार्केट इत्यादि स्थानों पर वॉल पेंटिंग की गई है। मेरा भिलाई साफ हो इसमें हम सबका साथ हो नारा को साकार करने दीवारों पर रंग रोगन करने के साथ ही सुंदर सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता के महत्व का संदेश दे रहे है। निगम द्वारा कराए जा रहे वॉल पेंटिंग में सुखा कचरा नीले कूड़ेदान में तथा गीला कचरा हरे कूड़ेदान में, साफहो इसमें मेरा भी हाथ हो तथा निगम क्षेत्रों के दीवारों पर चित्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को भी स्वच्छता संबंधित संदेश प्रसारित की जा रही है।

न्यूज गैलरी

30 लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

कवर्धा नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर जी के रीति नीति और विकास कार्यों से प्रभावित होकर में विकासखंड लोहारा के ग्राम पंचायत दैहानडीह के समाज प्रमुखो नें मंत्री अकबर के हाथों से भेंट मुलाक़ात के दौरान श्री विसराम ग्राम प्रमुख, धूमेश्वर नवधा समिति अध्यक्ष, रवि शंकर ग्राम डहिरवार, गुहरा पूर्व सरपंच,मालूराम ग्राम समिति अध्यक्ष एवं पंच, राम झूल, विशाल, उदेराम, धनु, रामप्रसाद, मनीराम, महावीर, लक्ष्मण, मेलूराम, निरंजन, मोहन, दुर्गा, रामकुमार, जगमोहन, जीवराखन, प्रेमलाल, संतोष, नेतराम, मधु लाल, सहदेव, वीरखे, कंशु राम, भोलाराम, जेठलाल, मान कुमार भाई धुर्वे, हरि शंकर सभी ने आज कांग्रेस में शामिल हुए। मंत्री अकबर ने सभी साथियो का कांग्रेस पार्टी में हार्दिक स्वागत किया द्य एवं सभी को तिरंगा गमछा पहनाकर सभी को कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित मोहम्मद कलीम खान, नीलकंठ साहू,चोवा राम साहू, रामचरण पटेल, नेतराम जंगल, भगवानदास पटेल, लीला धनुक वर्मा एवं सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता गण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

श्री चित्रगुप्त मंदिर का प्राकट्य दिवस मना

राजनांदगांव। ज्ञात हो, कि कायस्थ कुलदेवता भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के प्राकट्य दिवस (अवतरण दिवस) के पावन अवसर पर स्थानीय जमातपारा स्थित श्री चित्र गुप्त जी मंदिर में विशेष पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया था। उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए वरिष्ठ सदस्य कोर कमेटी आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्य अतिथि श्रीमती हेमा देशमुख महापौर तथा विशिष्ट अतिथिगण मधुसूदन यादव पूर्व सांसद, श्रीमती जया दुर्गेश यादव पार्षद व नरेन्द्र रेड्डी समाजसेवी तथा समाज के प्रमुख संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव (गुरूजी) की स्नेहिल उपस्थिति में शाम 7 बजे महापूजन महोत्सव आरंभ हुआ, जिसमें नगर में निवासरत् कायस्थ समाज के सभी महिला-पुरूष सदस्य बड़ी संख्या में हर्षोल्लासपूर्वक उपस्थित हुए। प्रमुख संरक्षक कृष्णा श्रीवास्तव (गुरूजी), के निर्देशन व संरक्षकगण श्रीमती इंदूबाई श्रीवास्तव, चन्द्रकुमार श्रीवास्तव, नन्दकुमार श्रीवास्तव, प्रभात बख्शी तथा आदेश श्रीवास्तव (राजेश प्रिंटर्स), पीएल श्रीवास्तव (जीवन बीमा निगम), संतोष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव (राजा स्पोर्ट्स), सुनील वर्मा (बिजली विभाग) की गरिमामयी उपस्थिति में बालाजी स्टुडियो के संचालक अशोक श्रीवास्तव (पूर्व अध्यक्ष-कायस्थ सभा, कायस्थ समाज), प्रकाश श्रीवास्तव की टीम के द्वारा उक्त पूजन कार्यक्रम की सुचारु रूप से व्यवस्था की गयी तथा श्री भगवान जी व संपूर्ण परिवार की प्रतिमा की नवीन वस्त्रादि व सुंदर नयनाभिराम साज-सज्जा की गयी थी, जो कि दर्शनार्थियों में आकर्षण का केन्द्र रही। इसके साथ ही श्रीमंदिरजी भवन को भी रंग-बिरंगा विद्युत की झालरों से सजाया गया था।

अतिथि शिक्षक की गुपचुप भर्ती की तैयारी में आदिवासी विभाग

रमेश निवल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एकलव्य विद्यालय पेंड्री में नए सत्र के लिए होने वाली अतिथि शिक्षकों की भर्ती आदिवासी विभाग गुपचुप तरीके से करने की तैयारी में दिखाई दे रहा है। विभाग ने अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए अपनी तैयारी तो पूरी कर ली है, लेकिन अभ्यार्थियों को गुमराह करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कारण आदिवासी विभाग के जरिए एकलव्य विद्यालय में होने वाली भर्ती एक बार फिर विवादों में आ गई है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अस्थाई रूप से

निश्चित मानदेय पर अध्यापन कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करने 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया है। अतिथि शिक्षक के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसी जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग की ओर से जनसंपर्क विभाग के जरिए समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित की गई है जिसे पढ़कर अभ्यार्थी अब असमंजस में आ गए हैं क्योंकि विभाग ने अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए समाचार पत्रों के जरिए सूचना तो प्रकाशित कर दी है लेकिन सूचना में अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए समस्त जानकारी के लिए राजनांदगांव जिले की वेबसाईट का अवलोकन करने की जानकारी दी है। अब मजे की बात तो यह है कि विभाग की ओर से एक और समाचार पत्रों में भर्ती के संबंध में सूचना जारी की जा रही है, लेकिन आवेदन के लिए जिला प्रशासन राजनांदगांव की वेबसाइट पर इस भर्ती के लिए कोई भी सूचना या आवेदन पत्र अपलोड नहीं किया गया है। जबकि जनसंपर्क विभाग से समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना में स्पष्ट तौर पर जानकारी दी गई है कि अभ्यर्थी जिला प्रशासन की ऑफिशियल वेबसाइट पर भर्ती के संबंध में सभी जानकारी ले सकते हैं। अब सवाल यह उठता है कि एक और विभाग समाचार पत्रों के जरिए भर्ती की सूचना अभ्यर्थियों को दे रहा है लेकिन जिला प्रशासन की वेबसाइट से भर्ती के संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है इससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं वही गुपचुप तरीके से भर्ती की जाने की बात को भी बल मिल रहा है। इस संबंध में जब सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से संपर्क किया गया तो उन्होंने नवप्रदेश को जानकारी देते हुए बताया कि समाचार पत्रों में जो सूचना प्रकाशित की गई है वह सही है सूचना को संशोधित करने के लिए मैंने आदेश जारी किए हैं हालांकि उन्होंने आदेश की कॉपी मीडिया को उपलब्ध नहीं कराई है।

स्कूल शिक्षा विभाग राज्य स्तर के पदों पर पदोन्नति करने में तत्पर नहीं दिख रहा है : फेडरेशन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के कार्यालय, मंत्रालय में प्रमुख सचिव शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला एवं संचालनालय में संचालक सुनील जैन से मुलाकात कर राज्य स्तर के पदों पर त्वरित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने एवं अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन दिया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला महामंत्री पीआर झाड़े, बृजभान सिन्हा, पीएल साहू, जितेन्द्र बघेल, वीरेन्द्र रंगारी, सीएल चंद्रवंशी, राजेन्द्र देवांगन, रंजीत कुंजाम, सोहन निषाद, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे आदि शामिल थे।

1 मीटर की जगह 4 इंच में बिछाया जा रहा पाइप लाइन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायत बुडेरा में पाइपलाइन व पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं, जिसमें ग्रामीण व उपसरपंच से मिली शिकायत में उन्होंने बताया कि ग्राम में घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। पाइप लाइन के निर्माण कार्य में जहां 1 मीटर गहरा करना था, वहां पर बिना गहरा कर पाइप डाल रहे हैं, साथ ही उसी पाइप से घरों में नल कनेक्शन भी दिया जा रहा हैं। बिना गहराई के खुदाई में बिछाई जा रही पाइप को ग्राम में घुमकर स्पष्ट देखा जा सकता हैं। लोगों द्वारा फोटो भी खींच कर वाइरल किया जा रहा है जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं कि पाइप बिछाने के लिए कितना गहरा गड्ढा खोदा गया हैं। आपको बता दें कि सरकार द्वारा घर-घर तक नल से जल पहुंचाने का काम कर रही हैं। केंद्र सरकार

की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल पर अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदार पानी फेर रहे हैं। ज्यादातर जगहों पर निर्माण अधूरे हैं। कहीं ठेकेदारों ने टंकियां अधूरी छोड़ी हुई हैं, तो कहीं पर पाइप लाइन निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर बिछाया गया है। टंकी निर्माण में भी घटिया व स्तरहीन मटेरियल का उपयोग किया जा रहा हैं। बेरला विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बुडेरा में ठेकेदार सब इंजीनियर व अधिकारियों के संरक्षण में मनमानी कर रहें हैं।

> आपसे घटिया निर्माण कार्य की जानकारी मिली है, मैं खुद बुडेरा जा कर निरक्षण करुगी।
> **- आशालता गुप्ता,** ईई, पीएचई बेमेतरा
>
> ---
>
> जहां तक गाड़ी नहीं जा रही थी, वहां 1.5 फिट खुदाई कर पाइप डाला होगा, लेकिन जहां गाड़ी जा रही थी वहां पर पूरी की पूरी खुदाई कर पाइप डाला गया हैं।
> **- सिद्धेश पारख,** ठेकेदार
>
> ---
>
> ग्राम में चल रहा पाइप लाइन कार्य सही रूप से हो रहा हैं। जगह के हिसाब से पाइप बिछाने के लिए गहराई किया गया हैं।
> **- गजेंद्र वर्मा,** सरपंच, बुडेरा
>
> ---
>
> ठेकेदार द्वारा घटिया काम व खानापूर्ति किया जा रहा हैं, इससे अच्छा होता कि काम ही न हो।
> **- गोवर्धन साहू,** उपसरपंच, बुडेरा

सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन

भाटापारा। शहर के रामसागर पारा वार्ड में लगभग 11.52 लाख की लागत से बनने वाले सी सी रोड निर्माण के लिए उपाध्यक्ष भाजपा विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने भूमिपूजन किया विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थिति जन मानस को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार पर तीखे सवालों का प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश पर कर्ज लादकर हर व्यक्ति को कर्जदार बना रही प्रदेश सरकार उपलब्धियों और विकास के नाम पर 04 साल से लगातार झूठ परोस रही है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के लोग ओछे राजनीतिक हथकंडों और मिथ्या प्रलाप में ही मशगूल रहे हैं। प्रदेश में विकास और सुविधाओं के नाम पर एक ईट रखना तो दूर, भाजपा शासनकाल में निर्मित शासकीय भवन और सड़कों का मरम्मत तक भूपेश सरकार नहीं करा पा रही है।

बिरनपुर घटना में संलिप्त 11 आरोपी गए जेल

बेमेतरा। भागीरथी साहू पिता समयलाल साहू उम्र 52 वर्ष निवासी शाक्तिघाट बीरनपुर थाना साजा जिला बेमेतरा ने 8 अप्रेल को अपने भतीजे भुवनेश्वर साहू की मृत्यु के संबंध में थाना साजा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रार्थी के बताने पर अपराध क्रमांक 87/23 भा द वि की धारा 147, 148, 149, 336, 307, 302, 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस घटना में संलिप्त 11 आरोपियों को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय बेमेतरा के समक्ष पेश किया, जहां न्यायिक रिमांड मिलने पर जेल दाखिल कराया गया हैं।

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone/Fax No. 07700-251887 E-mail-cmonagri84@gmail.com

क्र./ 142 / एन.पी./लो.एन.वी./2023-24 नगरी, दिनांक 28/04/2023

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत नगरी, जिला धमतरी क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक शालाओं में समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत दीर्घ मरम्मत कार्य, एवं बालक, बालिका शौचालय निर्माण कार्य RES SOR 01.01.2011 से कराया जाना है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ शासन में एकीकृत पध्दति से पंजीकृत ठेकेदार, फर्म, संस्था (सक्षम श्रेणी) अपनी निविदा पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि -	09.05.2023 -	5.30 बजे शाम तक।
2. कोरे निविदा हेतु शुल्क राशि जमा तिथि -	11.05.2023 -	5.30 बजे शाम तक।
3. निकाय द्वारा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने का तिथि -	15.05.2023 -	5.30 बजे शाम तक।
4. डाक से निविदा प्राप्त करने का तिथि -	19.05.2023 -	शाम 5.00 बजे तक ।
5. निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय -	22.05.2023 -	शाम 4.00 बजे से।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	समयावधि
1	प्राथमिक शालाओं में समग्र शिक्षा योजना अन्तर्गत दीर्घ मरम्मत कार्य, बालक शौचालय, बालिका शौचालय निर्माण कार्य (कुल 03 कार्य)	5.12	03 माह

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की सूची एवं निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट के www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छग में कांग्रेसी दर्ज ...

बीजेपी को ही दूसरे के बारे में बोलने का अधिकार है, लेकिन दूसरों के बोलने से तकलीफ होती है। जिस तरह से मल्लिकार्जुन खड़गे के जहरीले सांप वाले बयान को लेकर वे देशभर में विरोध कर रहे हैं। फिर भी खड़गे ने बड़प्पन दिखाते हुए अपना बयान वापस ले लिया, लेकिन आज उनके विधायक सोनिया गांधी को विषकन्या कह रहे हैं।

छत्तीसगढ़ समेत 20 राज्यों ...

और सीमावर्ती क्षेत्रों में कवरेज बढ़ाने पर है. 'बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, नागालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, लद्दाख और अंडमान निकोबार द्वीप समूह समेत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हैं.' 'एआईआर की एफएम सेवा का विस्तार, जिसमें कि 2 करोड़ लोग शामिल होंगे, जिनके पास इस मीडियम तक पहुंच नहीं है, अब उनकी पहुंच हो सकेगी. इसके परिणामस्वरूप लगभग 35,000 वर्ग किमी क्षेत्र में कवरेज का विस्तार होगा.' प्रधानमंत्री का दृण विश्वास है कि रेडियों जन तक पहुंचने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.।

अतीक-अशरफ केस ...

के कॉल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोली मारने वाले लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्या ने तुरंत सरेंडर कर दिया था। उमेश पाल मर्डर केस में पुलिस एनकाउंटर में अब तक 4 चार आरोपी मारे जा चुके हैं। इनमें अतीक का बेटा असद, गुलाम, अरबाज, उस्मान चौधरी शामिल हैं। पुलिस कस्टडी में हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद यूपी सरकार ने एसआईटी के अलावा न्यायिक आयोग का गठन किया था। न्यायिक जांच आयोग और स्ढुञ्ज के सदस्यों की मौजूदगी में क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया था।

छत्तीसगढ़ के आईएएस...

कि ईडी जिस मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई करना चाह रही है उसमें कोई ठोस बेस नहीं है। यानि ईडी ने यह नहीं बताया कि टुटेजा ने कैसे अवैध धन का उपार्जन किया और कैसे इसकी मनी लॉन्ड्रिंग की। जबकि ईडी नियमावली में ये बताते हुए ही केस रजिस्टर किया जाता है। जो कि नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल टुटेजा की गिरफ्तारी की कार्रवाई पर रोक लगाई है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में इस मामले में फिर सुनवाई हो सकती है, तब तक ईडी टुटेजा के खिलाफ गिरफ्तारी जैसा एक्शन नहीं ले सकती।

नफरती भाषण मामले ...

दाखिल हेट स्पीच से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पहले पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर नफरत फैलाने वाले बयान देने वालों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने 21 अक्टूबर 2022 को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकरों को ऐसे मामलों में बिना शिकायत के केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने आज अपने आदेश का दायरा बढ़ा दिया है।

रूस ने यूक्रेन पर ...

धमाका सुबह 4:30 पर सुना था। दो बहुत तेज धमाके हुए थे, जिनमें आसपास के सब चीजें जल्दी शुरू हो गई।

भाजयुमो ने घेरा रोजगार कार्यालय

कवर्धा नवप्रदेश। बेरोजगारी भत्ते के नियमों को शिथिलकरण करने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा रोजगार कार्यालय का घेराव 28 अप्रैल को किया गया। ऐसे में पुलिस के द्वारा पहले से चुस्त दुरूस्थ व्यवस्था की जा चुकी थी। युवा मोर्चा की जन सभा भारत माता चौक में भाजपा के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर सभा को सफल बनाया गया साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष ने भूपेश बघेल को घेरते हुए कहा कि जब से झूट बोल कर सत्ता में आई है तब से जनता को लूटने का काम और धोखा देने का काम साथ ही अपराध बढ़ते ही जा रही है,भूमाफिया,खनिज माफिया, शराब माफिया का

हौशला बुलन्द हुआ है, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था वह भी पूरा नही किया सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम जनता है कांग्रेस की सरकार । दोपहर करीब चार बजे भारतीय जनता युवा मोर्चा के साथ ही भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारत माता चौक से निकल कर रोजगार कार्यालय घेराव करने पहुंचे।इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे, दूसरी ओर से पुलिस कार्यकर्ताओं को रोकती रही।

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति
जिला- मोहला-मानपुर-अं. चौकी

// निविदा सूचना //

क्रमांक/188/आ.वि./स्टोर/ 2023-24 मोहला, दिनांक 26/04/2023

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला- मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.) द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला एवं मानपुर के संचालन हेतु सत्र 2023-24 हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी एवं फल, मांसाहार सामग्री, बेकरी एवं स्वीट लेखन सामग्री, मरम्मत एवं रख रखाव, दैनिक उपयोग सामग्री हेयर कटिंग, दवाईयां एवं अन्य सामग्रियों के प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी.एस.टी. प्रमाण पत्र सहित) रू. 500 नगद भुगतान कर दिनांक 15/05/2023 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 15 /05 / 2023 समय सायं 5.30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18/05/2023 समय दोपहर 2.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 18/05/2023 समय सायं 4.00 बजे तक

सहायक आयुक्त/ सचिव
जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शिक्षण संस्थान समिति
जिला- मोहला-मानपुर-अ. चौकी (छत्तीसगढ़)

जी-00713/2

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता अरूण मिश्रा (ARUN MISHRA) आत्मज कोशल किशोर मिश्रा (KOSHAL KISHOR MISHRA) उम्र 40 वर्ष, निवासी-क्वाटर नंबर- एल.आई.जी. 94, वार्ड नंबर- 20, वैशालीनगर, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूं मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता यह कि, मेरा आधार नंबर 5683 4382 6843 जन्मतिथि 04.04.1983 है जो कि सत्य व सहीं है । पूर्व में मेरा नाम समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अरूण मिश्रा (ARUN MISHRA) आ. एस.एस. मिश्रा (S.S. MISHRA) त्रुटिवश दर्ज है, जिसे आगे भविष्य में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, बैंक पासबुक, ड्रायविंग लायसेंस, परिचय पत्र (भारत निर्वाचन आयोग) सर्विस रिकार्ड में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित/संशोधित नाम अरूण मिश्रा (ARUN MISHRA) आ. कोशल किशोर मिश्रा (KOSHAL KISHOR MISHRA) लिखना चाहता हूं जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में दर्ज है। पूर्व में मेरा दर्ज नाम समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में अरुण मिश्रा (ARUN MISHRA) आत्मज एस. एस. मिश्रा (S.S. MISHRA) के स्थान पर आगे भविष्य में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, बैंक पासबुक, ड्रायविंग लायसेंस, परिचय पत्र (भारत निर्वाचन आयोग) सहित अर्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों सर्विस रिकार्ड में परिवर्तित/ संशोधित नाम अरूण मिश्रा (ARUN MISHRA) आत्मज कोशल किशोर मिश्रा (KOSHAL KISHOR MISHRA) लिखवाने, पढ़े जाने एवं पुकारे जाने बाबत परिवर्तित/संशोधित नाम को शासकीय ज्ञ गजट में प्रकाशित किये जाने बाबत सक्षम प्राधिकारी के मांग पर यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत कर रहा हूं। अतः सक्षम प्राधिकारी के समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

Email ID-cmopipariya@gmail.com

क्रमांक 426/लो.नि.वि./ तक./ न.पं./2022-23 पिपरिया, दिनांक 27.04.2023

।। मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण ।।

नगर पंचायत पिपरिया द्वारा वित्तीय वर्ष 22-23 अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल 20 कार्य एवं पार्षद निधि अंनुशंसित कार्य (सी.सी. रोड, आर.सी.सी नाली निर्माण/मरम्मत कार्य, मंच, चौंक, अतिरिक्त कक्ष आदि) हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में जीवित पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र (A) में प्रचलित एस. ओ. दर दिनांक 01.01.2015 अनुसार समान / कम / अधिक प्रतिशत दर पर पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से त्रि- लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदायें इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-	09.05.2023
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की तिथि :-	12.05.2023
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-	19.05.2023 दोप. 03.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :-	19.05.2023 शाम 04.00 से

टीप :- उपरोक्त कार्य की निविदा से संबंधित अन्य समस्त जानकारियाँ कार्यालय न.पं. पिपरिया के सूचना पटल एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें..

OFFICE OF THE COMMANDANT: TAC HQ 162 BATTALION BORDER SECURITY FORCE. KOLAR (PO), TAC HQ PHULPAR CAMP. KANKER (DISTT), CHHATTISGARH

No. Prow/610/162 Bn/Auction/2023/4397-42/ 05 April' 2023.

AUCTION NOTICE

On behalf of the president of India, the undersigned the following unserviceable stores held on charge of this unit will be disposed off through public auction on 11th May 2023 (Thursday) at about 1100 Hrs at COB Phulpar, of 162 Bn BSF, PO-Kolar, Dist-Kanker (Chhattisgarh) in accordance with the terms and conditions as mentioned below.

NAME OF UNSERVICEABLE/CONDEMNED STORES

S.No	GOVT STORE	S. NO	GOVT STORE
1.	Communication Store	9.	Defence Store
2.	Misc/Utensil Items	10.	Magazine Store
3.	Tentage Store	11.	MT Store
4.	Sports Items	12.	MI Room Store
5.	Training Items		
6.	Barrack Property	S. No	PRIVATE STORE
7.	SHQ Property Store	1.	Welfare Store
8.	Fire Fighting Store	2.	BSP Store

TERMS AND CONDITION

2. All interested bidders are requested to attend the auction on scheduled date and time along with their ID proof I. e. Voter/Aadhar Card and registration certificate of firm etc and must have GSTIN No, PAN Card Sale Tax return documents.
3. All the bidders will have to register their name and address with the Board of Officers before participating in the auction.
4. Every bidder will have to deposit a sum of Rs.10,000/- (Rupees ten thousand) only in advance as earnest money prior to the commencement of bid, which will be refunded/adjusted after finalization of auction on the same day. The highest bidder will lift the Unserviceable stores as soon as the auction is over. Auction money plus sale tax/GST as per the rules and surcharge will have to be deposited on the spot by the successful bidder.
5. The Highest bidder will have to deposit 100% bid amount in cash on the spot immediately after auction, failing which earnest money will be fortified i. e. will not be refunded.
6. In case the purchaser fails to lift the stores from the site of auction within stipulated times, the purchaser is liable for being charge of ground rent at the prevalent rate upto a maximum period
10 days thereafter the amount deposited by him will be forfeited and the stores be put up again for auction.
7. The Auction will be held as per department rule and regulation.
8. Other condition, if any, will be announced at the time of auction and the decision of the Commandant 162 Bn BSF shall be final in all matters.
9. No transport/any assistance will be provided by this HQ for shifting of auction.
10. The decision of the Commandant 162 Bn BSF shall be final in all matters.
11. Commandant 162 Bn BSF reserves the right to accept or reject the bid without giving any reason.
12. Auction items should be lifted within 24 hours from the auction otherwise 10% damage charge will be imposed per day basic per existing instructions.

For Commandant
162 Bn BSF

cbc -19110/11/0022/2324

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202304100400029/
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका पंकज सहगल आ / पति रमेश चन्द्र सहगल निवासी - लक्ष्मी नगर रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 238/31 रकबा 0.0148 हें 1595 वर्गफीट (**आवासीय**) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक **03/04/2023** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एलआईजी- 158 श्री देवी नायक पति श्री शिवशंकर नायक को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 28.10.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06.03.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन श्रीमती अंकिता पाल पति श्री राम कुमार पाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित एमआईजी योजना के अंतर्गत भवनों/भूखंडों में से भवन/भूखंड क्रमांक एमआईजी-792 श्री जगदीश राव पिता स्व. श्री के. बाबूराव को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10.11.2000 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 18.04.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री विनय मिश्रा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र - दुर्ग

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संध्या भटनागर पति श्री सत्यनारायण भटनागर निवासी कुरूद भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र दुर्ग में स्थित भवन क्र. सी.एच.-1104 एवं 1105 कुरूद भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 11.04.2008 एवं फ्री होल्ड दिनांक 19.01.2018 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 29.01.2019 को श्रीमती साइस्ता खातून पति श्री ऐजाज अहमद के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती साइस्ता खातून के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः नवीन क्रेता को श्रीमती साइस्ता खातून के नाम पर हस्तांतरण/नामांतरण किया जाता है कोई भी व्यक्ति, वारिस, सरकारी और अर्ध-सरकारी संस्थान, बैंक, वित्तीय निकाय आदि आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक --- को जारी किया गया।

सील

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 2739 दिनांक 27.4.2023
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR447A00217 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती MADAN CONSTRUCTION PRO RAKESH SARAVGI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Rajesh Kumar Choumal & Seema Choumal पिता/पति श्री/श्रीमती Beniprasad Choumal & rajesh Kumar Choumal मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

धूमधाम से मना चित्रगुप्त जन्म महोत्सव

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 27 अप्रैल को डोंगरगांव में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा धर्मराज चित्रगुप्त महाराज का जन्म उत्सव धूम धाम से मनाया गया जिसमें सभी कायस्थ समाज के भाई एकत्रित हुए व भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना हुई व प्रसाद वितरण किया गया जिसमें डोंगरगांव के कायस्थ भाइयों में उत्साह देखने को मिला कार्यक्रम में अखिल भारतीय का समाज अध्यक्ष प्रांजल श्रीवास्तव कमलेश श्रीवास्तव प्रवीण श्रीवास्तव सुनील श्रीवास्तव उमाकांत वर्मा विवेक श्रीवास्तव विक्की श्रीवास्तव संजोग श्रीवास्तव कार्तिक श्रीवास्तव निलेश श्रीवास्तव शुभांक श्रीवास्तव यश श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव महेंद्र श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

पंचायत सचिवों को भाजपा समर्थन

डोंगरगाँव/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में विगत 42 दिनों से आंदोलनरत ग्राम पंचायत सचिवों को अब तक कोई राहत नहीं मिल पायी है और 16 मार्च से लगातार धरना प्रदर्शन के बाद अब 24 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सचिवों को ग्रामीणों और नेताओं का भी समर्थन मिलने लगा है. इसी क्रम में 26 अप्रैल बुधवार को क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी एवं मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सचिवों के धरना स्थल पर पहुंचकर उनका नैतिक समर्थन किया है. इस दौरान धरना स्थल पर उपस्थित सभी सचिवों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें सांत्वना देते हुए धैर्य रखने कहा. इस दौरान ब्लॉक सचिव संघ के उपाध्यक्ष नीलेश गुर्वे ने अपनी मांगों और समस्याओं के विषय में विस्तार ने उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेतागणों को बताया और उनका समर्थन प्राप्त किया और मीडिया प्रभारी शेराज खान ने आभार व्यक्त किया।

महिलाओं के हड़ताल से अनेक योजनाएं ठप

डोंगरगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला कार्यकताएँ विगत माह से अपने विभिन्न मांगों को लेकर जनपद कार्यालय परिसर में अनिश्चितकाली धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं इन महिलाओं के हड़ताल को लेकर अब तक न ही किसी अधिकारी ने सुध ली है और ना ही सत्ता पक्ष से किसी जनप्रतिनिधी ने इनकी समस्याओं को जाना है. इस बीच बुधवार 26 अप्रैल को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता महिलाओं के धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगों और समस्याओं के विषय में जानकारी ली। बता दें कि इन महिलाओं में समस्त कैडर पीआरपी, एफएलसीसीआर, आरबीके, बैंक मित्र सक्रीय महिला कृषि मित्र, कृषि सखी, पशु सखी के हड़ताल में चले जाने से सभी ग्रामों के महिला स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज नहीं होने के कारण महिलाओं को आर्थिक एवं लेनदेन में परेशानी हो रही है. बैंकों में खाता खुलवाने, बीमा, संगठनों के लेनदेन, नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी जैसे योजना गौठान संचालन, गोबर खरीदी बिक्री में पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चला है।

भामाशाह जयंती व सामाजिक समरसता कार्यक्रम आज

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव ब्लॉक के विचारपुर नवागांव में शनिवार 29 अप्रैल को जिला कबीर विचार मंच, साहू समाज व सर्वसमाज के तत्वावधान में सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भामाशाह जयंती के अवसर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू की शानदार प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की व्यापक तैयारी अपने अंतिम चरण में है। कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में आज एक प्रेसवार्ता में जिला कबीर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने बताया कि दानवीर भामाशाह की जयंती अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक समरसता का एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सर्वसमाज को एकता के सूत्र में जोडने़ और बांधने का काम किया जायेगा। उन्होनें बताया कि जिला कबीर विचार मंच अपने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मानव समाज में समरसता हेतु सतत् प्रयन्तशील है, जिसमें राजनांदगांव, डोंगरगढ़, लालबहादुनगर व डोंगरगांव क्षेत्र के विचारक संत सहित प्रमुखजनों को आमंत्रित किया गया है। उन्होनें बताया कि सुबह 10 बजे से समीपस्थ ग्राम विचारपुर नवागांव में आयोजित उक्त सामाजिक समरसता कार्यक्रम में सुबह 10 बजे से सर्व समाज द्वारा प्रभातफेरी पश्चात् मानव समाज के समस्त देवी देवताओं, आराध्यों व कुलदेवी देवतागणों का एक ही स्थान पर पूजन आरती आदि का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जिले भर में निवासरत विभिन्न समाज के जिला अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सामाजिक संगठनों के दायित्व एवं बदलाव पर खुली और वृहद चर्चा की जायेगी। इस दौरान सामाजिक समरसता विषय पर समाज प्रमुखों व प्रबुद्धजनों का प्रमुख उद्बोधन होगा। प्रेसवार्ता में श्री साहू ने बताया कि वर्तमान समय में समाज में विघटन की स्थिति है। सभी समाजों के विचारों, मान्यताओं पर जबर्दस्त प्रहार चल रहा है, ऐसे में हमारी वर्तमान और भावी पीढ़ी को इससे बचाव व भविष्य सुरक्षित करने के लिए अभी से प्रयास करना होगा तथा सर्वसमाजों के बीच बढ़ती दूरी को कम करना होगा। इस आयोजन में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार गायिका आरू साहू व उनकी टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा। कबीर विचार मंच के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम में समस्त क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

रामायण से जीवन का होगा कल्याण : महाराज

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जौंग में भक्ति भाव की अविरल धारा प्रवाहित हो रही हैं। यज्ञ सम्राट सियाराम दास महराज खाखी बाबा मठ हिंगोली महाराष्ट्र के मार्गदर्शन में 21 कुंडीय श्रीगणेश महायज्ञ जारी हैं। गांव में शिवनाथ नदी के किनारे राम कथा व्यास संत राजीव लोचन दास महाराज के मुखारविंद से राम कथा का वाचन किया जा रहा हैं। राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि राम ही ब्रम्ह हैं, चरित्र ही कथा हैं और मानस ही राम भक्त हैं।

भगवान चरित्र के माध्यम से मनुष्यो से जुड़ते हैं, इसलिए वो श्रेष्ठ आचरण करते हैं, जिससे जीव उसका अनुसरण करते हुए उनके पीछे चल सकें, यह राम चरित्र मानस शब्द का अर्थ हैं। हम सभी राम भक्तों सम्पूर्ण राम चरित मानस का पाठ कर अपने सांस्कारिक जीवन को सफलतापूर्वक जीवन जीना चाहिए। रामयण ही एक ऐसा ग्रंथ हैं जिसका पाठ करने से ही मानव जीवन का कल्याण होगा। रामकथा में मुख्य यजमान किसान नेता योगेश तिवारी और आसपास के गांवों के हज़ारों ग्रामीण उपस्थित थे। हजारों श्रद्धालु राम कथा व श्री गणेश महायज्ञ में हुए शामिल - इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, सर्व हिंदू समाज जिला अध्यक्ष शत्रुहन साहू, रोशन दत्ता, व्यास नारायण तिवारी, संतोषी तिवारी, नरेश मल्लाह, प्रबल सिंह जेवरा, जेवरा सरपंच संध्या सिंह ठाकुर, राजा पांडे बेमेतरा, विनोद सिंह, बोधीराम निषाद, सनत पांडे किरीतपुर, पियूष शर्मा, कृष्णा साहू, रामकुमार सेन, मन्नू साहू, अभिषेक माली, किशोर ध्रुव, सरजू साहू, युगल सिंह चौहान, ज्योगी प्रसाद यादव, मनोज सिन्हा, नरेश राय, शिवम दिवान, यशवंत टंडन, वाशु साहू समेत हजारों श्रद्धालु राम कथा व श्री गणेश महायज्ञ में शामिल हुए।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन 3 तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। उनके लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक-स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर ऑनलाइन किया जाना है। आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार तिथि में वृद्धि करते हुए विद्यार्थियों द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि 03 मई 2023 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी (छ.ग. के निवासी) द्वारा नवीन एवं नवीनीकरण के लिए आनलाईन आवेदन 08 मई 2023 तक किया गया हैं। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 10 मई 2023 तक, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 15 मई 2023 तक निर्धारित किया गया है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। वर्ष 2022-23 से छात्रवृत्ति का पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित भुगतान किया जा रहा है।

जनपद अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव से बढ़ी सरगर्मी, जनपद सदस्य हुए पुरी रवाना

नवागढ़/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने से अब नवागढ़ विधानसभा में सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि भाजपा एवं कांग्रेस दोंनो दलों के शीर्ष नेताओं ने जनपद अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के सम्बंध में कोई स्पष्ट प्रतिकिया नहीं दी है। एक तरफ जंहा संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे मौन है तो वहीं भाजपा भी अपना खेल छुपाए हुई है। अब देखना होगा कि विधानसभा चुनाव के मात्र 6 माह पहले जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आने से चुनाव पर क्या असर पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय के खिलाफ19 जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर बेमेतरा को दिया था। विधानसभा चुनाव के गिनती भर दिन शेष रहने के पहले अविश्वास प्रस्ताव आने से नवागढ़ क्षेत्र का माहौल गरमाया हुआ है। हालांकि कलेक्टर ने जांच के बाद तारीख देने की बात कही है।

लक्जरी बस में 17 सदस्य पुरी रवाना

बुधवार की देर रात 19 में से 17 जनपद सदस्य लग्जरी बस में जगन्नाथ पुरी धाम रवाना हुए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यात्रा का खर्च एक जनपद सदस्य द्वारा उठाया जा रहा है जिसे शायद दूल्हा बनाया जाएगा।

'कुछ जनपद सदस्यों में कुछ मामलों को लेकर नाराजगी है। उनसे बातचीत की जा रही है। सब सुलझा लिया जाएगा,जल्द ही सार्थक परिणाम सामने आएगा।'

गुरूदयाल बंजारे, संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक

'जनपद अध्यक्ष तो दूर की बात आगे 06 माह में कांग्रेस का विधायक भी उतरने वाला है। गिनती के गिन बचे है इसलिए कांग्रेसियों में कमीशनखोरी की बेचैनी मची हुई है। आगामी दिनों में नवागढ़ में विधायक, जनपद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष सब में भाजपा होगी।'

विकास धर दीवान, जिला उपाध्यक्ष भाजपा।

'कांग्रेस के अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी को हराकर ही कांग्रेसियों ने जनपद अध्यक्ष बनाया था। अब उनको हटाने में लगे है। अब नवागढ़ कांग्रेस नही चलेगी। पुरा विधानसभा कांग्रेस मुक्त होगा।'

दयावंत धर बांधे, प्रदेश महामंत्री एससी मोर्चा।

'महिलाओं का सम्मान तो कांग्रेस की रीतिनीति ही नहीं है। जब-जब महिलाओं को स्थान मिला है कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में बर्दास्त नही हुआ है।'

मधु राय, जिला महामंत्री महिला मोर्चा

बिरनपुर को छोड़कर जिले का शेष भाग धारा 144 से मुक्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिलें के तहसील साजा के ग्राम बिरनपुर में दो पक्षों में विवाद होने के कारण और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने के कारण शांति सुरक्षा विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाये रखने हेतु संपूर्ण बेमेतरा जिले में 'दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144' 11 अप्रैल 2023 से प्रभावशील किया गया था। समसंख्यक आदेश के अनुसार साजा अनुभाग एवं बेमेतरा शहरी क्षेत्र को छोड़कर जिलें के शेष स्थानों से धारा 144 हटाई गई थी। इसी तरह संमसंख्यक आदेश के अनुसार तहसील थानखम्हरिया क्षेत्र से धारा 144 हटाई गई थी। कानून व्यवस्था की समीक्षा उपरांत ग्राम बिरनपुर को छोड़कर तहसील साजा एवं बेमेतरा शहरी क्षेत्र से धारा 144 अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता हटा दी गई है। कलेक्टर श्री पी एस एल्मा ने आज 27 अप्रैल 2023 को एक आदेश जारी कर ग्राम बिरनपुर तहसील साजा में धारा 144 अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता पूर्ववत की भांति प्रभावशील रखने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

त्रि-दिवसीय सदज्ञान यज्ञ समारोह आयोजित

■ **विधायक छन्नी चंदू साहू ने संतों से लिया आशीर्वाद**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा के छुरिया क्षेत्र के ग्राम कल्लूटोला में त्रि-दिवसीय सदज्ञान यज्ञ समारोह आयोजित हुआ। यहां प्रखर क्रांतिकारी संत रामशंकर साहेब जी, बिहार संत गुरमुख साहेब, शीतल साहेब भूषण साहेब, आदित्य साहेब जी का प्रवचन कार्यक्रम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण का लाभ लिया। इस सदज्ञान यज्ञ समारोह के माध्यम से संत कबीर की उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस त्रि-दिवसीय पावन आयोजन में मंगलवार को खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने भी शिरकत की। यहां उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया और उनका प्रवचन सुन कर धर्म लाभ लिया।

संत कबीर के उपदेशों के माध्यम से संतो ने उपस्थित लोगों को जीवन के मूल्य, सार्थकता और उद्देश्यों की जानकारी दी। यह आयोजन 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित हुआ।

इस दौरान संतों ने कहा कि संत कबीर दास जी ने समाज में हो रहे अत्याचारों और कुरीतिओं को ख़त्म करने की बहुत कोशिश की, जिसके लिये उन्हें समाज से बहिष्कृत भी होना पड़ा, परन्तु वे अपने इरादों में अडिग रहे और अपनी अंतिम श्वास तक जगत कल्याण के लिये जीते रहे। भक्ति काल में जन्म लेकर उन्होंने ऐसी अद्भुत रचनाएं की, कि वे अमर हो गए।

उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव मूल्यों की रक्षा और मानव सेवा में व्यतीत कर दिया वे शुरू से समाज में प्रचलित पाखंडों, कुरीतियों, अंधविश्वास, धर्म के नाम पर होने वाले अत्याचारों का खंडन और विरोध करते थे, और शायद यही वजह है की इन्होंने निराकार ब्रह्म की उपासना की।

संतों ने कहा कि कबीर दास जी के भजन और दोहे आज भी घर-घर में बजाये जाते हैं और यह प्रदर्शित करता है की वे अपने आप में एक बहुत बड़े महात्मा थे, उनका मानना यह था की सब जाती, धर्म एक है और हम सब के अन्दर खुदा या भगवन का वास है, इसलिये स्वयं के विचार शुद्ध रखो यही सबसे बड़ी भक्ति है।

ठेकेदार के चंगुल से सकुशल घर वापस लौटे मजदूर

कवर्धा/नवप्रदेश। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश अनुरूप नालसा एवं सालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला न्यायालय) द्वारा जिले के समस्त थाना में पैरालीगल वालिंटियर की नियुक्ति की गई है। पैरालीगल वालिन्टियर द्वारा जरुरतमंदो को निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी अधिकारों की जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसका असर दिखाई देने लगा है।

जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीता यादव के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित प्रताप चंद्रा के निर्देशानुसार थाना तरेगाँव जंगल में कार्यरत पैरालीगल वॉलिंटियर चंद्रकांत यादव द्वारा गाँव-गाँव विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। उक्त शिविर में नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके दौरान पीड़ित परिवार के द्वारा अवगत कराया गया कि उनका छोटा बेटा घर में बिना बताए पड़ोस के गांव के अपने दोस्तों के साथ जूस फैक्ट्री में मजदूरी करने तमिलनाडु के चित्तूर (तिरुपति बालाजी) चला गया है। घरवाले उसे घर वापस लाना चाहते हैं, लेकिन ठेकेदार के दबाव के कारण घर नहीं आ पा रहा है। इसके लिए पैरालीगल वालिंटियर चंद्रकांत के द्वारा पीड़ित परिवार को थाना तरेगाँव जंगल में त्वरित रूप से संपर्क कराया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी उप निरीक्षक युवराज साहू द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने कार्यवाही शुरू की गई। थाना प्रभारी के द्वारा ठेकेदार से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर ठेकेदार एवं मजदूर ले जाने वाले व्यक्ति को समझाइश दी गई। थाना प्रभारी एवं थाने में नियुक्त पैरालीगल वालिन्टियर के द्वारा विशेष प्रयास करने पर मजदूर को घर भेजा गया। मजदूर के सकुशल घर वापसी के लिए थाना प्रभारी तरेगाँव जंगल उप निरीक्षक युवराज साहू, पैरालीगल वालिंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रकांत यादव एवं समस्त थाना स्टॉफ का सराहनीय सहयोग रहा।

एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से की करियर पर चर्चा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बेमेतरा के पंडित जवाहर लाल नेहरु कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए आज गुरुवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम बेमेतरा सुरुचि सिंह ने पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं को आपने करियर बनाने एवं आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य पीपी चन्द्रवंशी, समस्त अध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस सेशन में एसडीएम ने कानून की पढ़ाई के बारे में छात्रों से चर्चा की और यूपीएससी परीक्षा के बारे में बताया। उन्होनें छात्रों से कहा कि आईएएस बनना मुश्किल हैं लेकिन नामुमकिन नहीं हैं। हम अपनी कड़ी मेहन और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। यह एक इंटरैक्टिव सेशन था, जहां छात्रों ने एसडीएम से बहुत से प्रश्न पूछे जैसे की पढ़ते समय चीजों को याद कैसे किया जाये और लगातार लंबे समय तक कैसे पढ़ा जाए, यूपीएससी मेंस परीक्षा का पेपर कैसे लिखते हैं और कैसे पेपर को पूरा करते हैं। एसडीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के छात्र बड़ी संख्या में आईपीएस परीक्षा पास नहीं कर पा रहें हैं, क्योंकि कहीं ना कहीं जानकारी का अभाव है, इस लिए ऐसे सेशन महत्वपूर्ण हो जाते हैं उनको मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए। एसडीएम ने अपनी कहानी बता कर बोला की सफ्लता पाने के लिए अनेक बार असफ्ल होना पड़ता है।

8 मई तक कर सकते हैं पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस का चयन

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस के चयन हेतु विकल्प प्रस्तुत करने के लिए 5 मार्च 2023 तक निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए थे। इस अवधि में कतिपय शासकीय सेवकों द्वारा किसी प्रकार का विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया। छग शासन वित्त विभाग द्वारा पुरानी पेंशन योजना अथवा एनपीएस के चयन हेतु 8 मई 2023 तक समय-सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आदेश जारी कर बेमेतरा जिलें के समस्त कार्यालय प्रमुख/आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि निर्धारित अवधि में विकल्प प्रस्तुत करने हेतु संबंधित शासकीय सेवकों को पृथक से कार्यालयीन पत्र के माध्यम से अनिवार्यतः सूचित करें। निर्धारित अंतिम तिथि तक शासकीय सेवक द्वारा चयन का विकल्प प्रस्तुत नहीं किये जाने पर भविष्य में विकल्प चयन करने का अवसर नहीं दिया जाएगा। ऐसे शासकीय सेवकों द्वारा स्वमेव एनपीएस हेतु सहमति मान्य करते हुए आगामी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

धूमधाम से मनाया गया आद्य शंकराचार्य का 2530 वां प्राकट्य महोत्सव

कवर्धा/नवप्रदेश। आदित्यवाहिनी के द्वारा भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य का 2530 वां प्राकट्य महोत्सव स्थानीय पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। जहां सर्वप्रथम भगवान आदि शंकराचार्य, भगवती सरस्वती एवम श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी की प्रतिमा एवम चित्र का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। तदुपरांत सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का संगीतबद्ध पाठ किया गया।

आदित्यवाहिनी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि इस अवसर पर संगोष्ठी एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा ए के श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर बक्शी, साहित्यकार एवम लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष नीरज मंजीत, भागवताचार्य मोहन लाल त्रिपाठी, ज्योतिषाचार्य एवम आयुर्वेदाचार्य मोहित शर्मा, सिख समाज से गुरदीप सिंह ने भगवान आदि शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला एवम शारदा संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रबुद्ध शर्मा तथा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकारों के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन आदित्य वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया।

उल्लेखनीय है कि सनातन धर्म के आद्य जगदुरू शंकराचार्य का दिव्य अवतरण आज से 2530 वर्ष पूर्व बैशाख शुक्ल पंचमी के दिन ऐसे समय में हुआ था जब सब ओर से सनातन धर्म पर आक्रमण हो रहा था, वैदिक कर्मकांड और उपासना कांड पर प्रहार हो रहा था तब उन्होंने बौद्ध सम्राट सुधनवा के हृदय का शोधन कर उन्हें सनातन धर्म में प्रतिष्ठित किया तथा चार मठों की स्थापना की। आज आदि शंकराचार्य के कारण ही सनातन धर्म सुरक्षित है।

बिरनपुर में पिता-पुत्र की हत्या के नौ अन्य आरोपियों को भेजा रिमांड पर

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम बिरनपुर मुरुम खदान में 11 अप्रेल को ग्राम बिरनपुर शक्तिघाट निवासी रहीम उर्फ मन्नू पिता उम्मद मोहम्मद एवं उसका लड़का ईदुल मोहम्मद की अज्ञात आरोपी के द्वारा हत्या करने से थाना साजा में अपराध क्रमांक 92/2023 धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जा रही थी। विवेचना के दौरान प्रकरण में भादवि की धारा 147, 148, 149, 153 जोड़ी गई हैं। विवेचना क्रम में वीडियो फुटेज, मोबाइल

सीडीआर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 17 अप्रेल को 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी, निम्न आरोपियों चंदन साहू पिता देवकुमार साहू उम्र 20 वर्ष साकिन कोरवाय थाना साजा, होमेनद्र नेताम पिता नीलकंठ नेताम उम्र 25 वर्ष साकिन कोरवाय थाना साजा, टाकेंद्र साहू पिता परसराम साहू उम्र 22 वर्ष साकिन कोरवाय थाना साजा, राम निषाद पिता हिरेश निषाद उम्र 19 वर्ष साकिन कोगिया खुर्द थाना परपोड़ी, अजय कुमार साहू पिता नेम राम साहू उम्र 25 वर्ष साकिन मासूलगोंदी थाना परपोड़ी, चिंता राम साहू पिता स्वर्गीय बिरझूराम साहू उम्र 68 वर्ष साकिन कोरवाय थाना साजा, लोकेश साहू पिता चतुर राम साहू उम्र 23 वर्ष साकिन कोगियाखुर्द थाना परपोड़ी, वरुण साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 18 वर्ष 3 माह साकिन कोगियाखुर्द थाना परपोड़ी, गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया

कैबिनेट मंत्री अकबर ने कंडरा समाज के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

■ **आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों की जीवन उत्थान और समुचित विकास करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल : अकबर**

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से कमजोर समाज को शासन-प्रशासन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बनाने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर द्वारा कंडरा समाज के विशेष मांग को पूरा करते हुए जिला मुख्यालय कवर्धा में वार्ड नंबर 27 नवीन बाजार के पीछे 10 लाख रूपए की लागत से सर्वसुविधा युक्त सामुदायिक भवन बनाकर दिया गया। केबिनेट मंत्री अकबर ने आज अपने एक दिवसीय कबीरधाम जिला प्रवास के दौरान नवनिर्मित कंडरा समाज के सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। मंत्री अकबर ने समाज को नवीन भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नीलकंठ चंदावंशी, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, गणेश योगी, गंगोत्री योगी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, पार्षद अशोक सिंह, संजय लांझी, नरेन्द्र देवांगन, सुनील साहू, एल्डरमेन कौशल कौशिक, पार्षदगण, एल्डरमेन सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण सहित अधिक संख्या में समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मंत्री अकबर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से कमजोर समाज को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान की दिशा में उठाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। हम आगे भी समाज के हितों के लिए काम करते रहेंगे। कंडरा समाज के प्रतिनिधियों ने पूरे समाज की तरफ से इस भवन की सौगात के लिए मंत्री अकबर को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि इससे पहले हमारे समाज से सामाजिक भवन बनाने की अथक प्रयास किए। जगह-जगह आवेदन दिए, लेकिन बरसो से सामाजिक भवन के लिए भटकते और तरसते रहे। उन्होने कहा कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद समाज की मांगों को प्राथमिकता में समाधान कर बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक भवन मिलने से अब समाज के सभी दुख-सुख के आयोजनों में काम आएगा। पहले किराए के भवन लेते थे। पंडाल भी किराया करते थे। इससे समाज को आर्थिक बोछ भी होता था।

उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री अकबर ने विगत वर्ष वरिष्ठ समाजसेविका मुन्नी कंडरा की विशेष मांग को पूरा करते हुए कवर्धा जिला मुख्यालय में कंडरा समाज के लिए 10 लाख रूपए देने की विधिवत घोषणा किया था। जिसके बाद स्वीकृति मिलने पर भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और अब भवन बनकर तैयार हो गया। जिसका कैबिनेट मंत्री अकबर ने विधिवत लोकार्पण किया।

सामुदायिक भवन से समाजिक कार्यक्रमों में सहुलियत होगी : अकबर

कैबिनेट मंत्री अकबर ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को विकास के मुख्य धारा में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। समाज की मांग पर सामुदायिक भवन की घोषणा की गई और आज भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया। सामुदायिक भवन निर्माण होने से समाज के समाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सहुलियत होगी। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों की जीवन उत्थान और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास करना छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सभी वर्गो के हितों एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और जनहित से जुड़े मांग, समस्याओं का प्राथमिकता में निदान भी किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम आगे भी समाज के उत्थान और उन्हे विकास के मुख्यधारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

न्यूज गैलरी

राजेन्द्र साहू पर्यवेक्षक नियुक्त

छुरिया (नवप्रदेश)। नगर पंचायत छुरिया में प्रस्तावित अध्यक्ष पद के अविश्वास प्रस्ताव के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

गोड़वाना साहित्य सम्मेलन आज से

राजनांदगांव(नवप्रदेश)। अखिल भारतीय गोड़वाना गोड़ महासभा एवं प्रांतीय गोड़वाना गोड़ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में गोड़वाना भवन गौरी नगर, राजनांदगांव में दिनांक 29 अप्रैल से 1 मई 2023 तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें लगभग देशभर के गोड़ी साहित्यकार आयेंगे, जो गोड़ी भाषा, संस्कृति एवं साहित्य संपदा के माध्यम से अपने सगा समुदाय के हितों एवं सुरक्षा हेतु अपना विचार एवं चिंतन प्रस्तुत करेंगे। आशा है कि बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में गोड़ सगाजन उपस्थित होकर इसका लाभ उठायेंगे। यह संगोष्ठी हमारे पेनवासी साहित्यकारों एवं समाज प्रमुखों की स्मृति में रखी गयी है। इसकी जानकारी तिरूमाल राहुल नेताम प्रांतीय संगठन सचिव युवा प्रभाग, कुलदीप मराठी जिला युवा प्रभाग ने दी है।

सिंगारपुर में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

भाटापारा(नवप्रदेश)। यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को ग्राम सिंगारपुर मावली माता मंदिर परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस हेतु लगे एक दिवसीय शिविर का लाभ लेने लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कैम्प में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु 360 आवेदन हुए प्राप्त,इन आवेदनों में 21 आवेदनों का तत्काल निराकरण कर मौके पर ही 21 लोगों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया तथा*बचत कुल 339 आवेदन पत्रों में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया 15 दिवस के भीतर पूर्ण हो जायेगी। वाहन चालकों की सबसे बड़ी समस्या ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया होती है। वाहन चेकिंग के दौरान अधिकांश वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद नहीं रहता, लोगों की इस परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में शुक्रवार को ग्राम सिंगारपुर मौली माता मंदिर परिसर में एक दिवसीय लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया* गया। कार्यक्रम में अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे थाना प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, ए एस आई कन्हैया लाल सीदार ,प्रधान आरक्षक दुबे आदि कर्मी के सांथ ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया हेतु परिवहन विभाग की टीम की उपस्थिति थी। उपस्थित टीम द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु निर्धारित दस्तावेज प्राप्त कर, शासन द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार तत्काल मौके पर ही आनलाईन फार्म भरकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया संपादित की गई।संपूर्ण प्रक्रिया बड़ी आसानी एवं प्रसन्नतापूर्वक संपन्न की गई जिससे आम लोगों ने भी बढ़-चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में कुल 360 वाहन चालकों का शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर, बिना किसी अड़चन या कठिनाई के ऑनलाइन आवेदन भरवाते हुये जल्द ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाने की प्रक्रिया में सहयोग दिया गया।

नाम परिवर्तन

शपथकर्ता, दलजीत सिंह साहू पिता श्री उमेंद सिंह साहू, उम्र 65 वर्ष, दुर्ग निवासी-22 /2 गाँधी नगर, सदगुरू कृपा, मैत्री कुंज, रिसाली भिलाई, तह0 व जिला दुर्ग (छ0ग0) का निवासी हूँ . मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई में चार्ज मेन कम मास्टर टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत रहते हुये दिनांक 31 मई 2018 को सेवानिवृत्त हुआ हूँ मेरा पर्सनल नम्बर 140460 हैं मेरे भिलाई इस्पात संत्रय के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम दलजीत सिंह पिता श्री उमेद सिंह साहू दर्ज है किन्तु मेरे पासपोर्ट, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र मे मेरा नाम दलजीत सिंह साहू पिता श्री उमेद सिंह साहू दर्ज हैं दलजीत सिंह एवं दलजीत सिंह साहू ये दोनो नाम मेरे स्वयं के ही है जो कि सही व सत्य है । मैं अपने भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के सर्विस रिकार्ड में दर्ज नाम दलजीत सिंह पिता श्री उमेद सिंह साहू के स्थान पर अपना नाम दलजीत सिंह साहू पिता श्री उमेद सिंह साहू दर्ज करवाना चाहता हूँ। मै शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों मे अपना नाम दलजीत सिंह साहू दर्ज करवाना चाहता हूं। अतः यह शपथपत्र राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रस्तुत करने की हैं।

शपथकर्ता

कार्यालय नगर पंचायत परपोड़ी, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)
Email- cmoparpodi@gmail.com
क्र.-/ लो.नि.वि./ न.प./ 2023-24
परपोड़ी दिनांक 28.04,2028

संशोधन सूचना

कार्यालय नगर पंचायत परपोड़ी द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 40/लो.नि.वि./ न.प./ 2023-24, परपोड़ी दिनांक 27.04.2023 द्वारा संशोधन निविदा जारी में दैनिक समाचार पत्र नई दुनिया / नवप्रदेश में प्रकाशित 12.04.2022 के स्थान पर 12.04.2023 पढ़ा जावें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत परपोड़ी

मंत्री अकबर ने ग्रामीणों के साथ लगाई जनचौपाल

■ ग्रामीणों की मांग, समस्या और शिकायतों से हुए रूबरू

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम बड़ौदाकला, गांगपुर, सिंगारपुर, बड़ौदाखुर्द, दैहानडीह, तिलईभाट, कल्याणपुर और ग्राम पंचायत सिल्हाटी पहुंचकर ग्रामवासियों से रूबरू हुए। मंत्री श्री अकबर ने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर जनचौपाल लगाई और एक-एक कर सभी की समस्याएं, मांग और शिकायतें सुनी। ग्रामीण मंत्री को अपने समक्ष पाकर खुश हुए। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने लोगों की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मांग, शिकायत और समस्याओं को अपनी डायरी में नोट भी कराया। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने ग्राम गांगपुर में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 5 लाख देने की घोषणा की।

केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि जिले के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री नीलकंठ चंद्रवंशी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों से सीधा संवाद करने का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल रहा है या नही इसकी जानकारी लेना है। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई समस्या आ रही है, उसे दूर कर योजनाओं का लाभ उन्हें देना है। उन्होंने कहा कि इसी के अनुरूप ही ग्राम पंचायत मुख्यालय में आम जनों से योजनाओं के लाभ की जानकारी लेने आए है। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

केबिनेट मंत्री अकबर ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के दौरान किसानों के लिए हित के लिए धान का विक्रय प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किया है। छत्तीसगढ़ की न्याय योजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

दल्लीराजहरा (नवप्रदेश)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने 25-अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के सुदूर अंचलों एवं विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर श्री शर्मा जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। श्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर उनके आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर से मुलाकात करने के पश्चात् आवेदक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त नजर आ रहे थे।

जनदर्शन में विकासखण्ड डौण्डी के ग्राम गुजरा निवासी श्रीमती अमरीका बाई ने अपने निजी भूमि का सीमांकन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भण्डेरा निवासी श्रीमती पेमीन बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कंवर निवासी दिव्यांग युवक लखन लाल ढीमर ने अपने जीवन यापन के सहारा हेतु अपने गांव शासकीय तालाब को उन्हें लीज पर दिलाने की मांग की। जनदर्शन में सेल्फ डिफेंस आर्गेनाईजेशन जिला बालोद के कराटे खिलाड़ियों ने कलेक्टर श्री शर्मा से भेंट कर कराटे कीट एवं मेट प्रदान करने की मांग की। मौके पर उपस्थित कराटे खिलाड़ियों ने बताया कि वे राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर अनेक मेडल हासिल कर चुके हैं। कलेक्टर ने कराटे प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर बालोद जिले का नाम रौशन करने के लिए सभी कराटे खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

छाबड़ा ने जनसंपर्क निधि का चेक वितरण किया

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर बेरला के विधायक कार्यालय में अयोजित विधायक जनसंपर्क निधि चेक वितरण समारोह में मुख्य आतिथ्य बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल होकर सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ किये। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने जनसमूहों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विधायक कार्यालय बेरला में विधायक जनसंपर्क निधि के तहत बेरला ब्लाक के अंतर्गत 88 विभिन्न समितियों/ समूहों/ हितग्राहियों को 5.45 लाख रुपये का चेक वितरण किया गया। सबसे पहले इस मंच के माध्यम से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को धन्यवाद देता हूँ कि पूर्व में जनसंपर्क निधि के माध्यम से 3.50 लाख रुपए की राशी क्षेत्र के लिए मिलता था, चुकि बड़ा क्षेत्र होने से यह राशि बहुत कम होता था, सभी विधायक साथियों ने मिलकर मुख्यमंत्री से निवेदन किए की जनसंपर्क निधि की राशि को 3.50 लाख रुपए से बढ़ाया जाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्कलाल जनसंपर्क निधि को 3.50 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए की, जिसमें से 1.25 लाख रुपए की राशि सांसद के अनुसंसा से शेष राशि 8.75 लाख रुपए विधायको की अनुसंसा से वितरण होना हैं। छोटी छोटी ये राशि कोई बड़ा राशि नहीं होती, लेकिन छोटी सी ये राशि गांव में हमारे जो समूह/समितियां काम करते है, अनेकों क्षेत्रो मे अपनी सेवाएं देते है, चाहे जस झाकी समिति, नवधा रामायण समिति, बिहान समूह, महिला कमांडो, महिला समूह, क्रिकेट टीम, कबड्डी टीम, शीतला सेवा समिति या गांव में अन्य कोई भी समूह हो जो अलग अलग क्षेत्रो में काम करते है, उन्हें राशि का वितरण होता है, कुछ सहयोग राशि ही सही लेकिन एक सम्मान स्वरूप ये राशि आप सभी को प्रदान किया जाता हैं। जो कुछ कमियां समितियों हैं उन्हे पूरा करने किए आप इस चेक के माध्यम से राशि क्रय कर पायेगें। ग्राम घोटमर्रा में टोपूराम साहू मां अंबे सेवा समिति 5 हजार, ग्राम परापोड़ा में देवेंद्र साहू क्रिकेट क्लब 10 हजार, ग्राम नवागाव (भाठासोरही) में संतोष मारकंडे पंथी पार्टी 10 हजार, ग्राम मनियारी में ईश्वर साहू ज्योति मानस मण्डली 10 हजार, सुरहोली में अजय वर्मा जय महामाया जस झांकी परिवार 10 हजार, ग्राम पथरपुजी में सोनिया टंडन जय मां लक्ष्मी स्वःसहायता समूह 10 हजार, ग्राम पतोरा में उधोराम यादव झिरिया यादव समाज 10 हजार, ग्राम पथरपुजी में हेमिन चेलक जय मिनी माता महिला स्वः सहायता समूह 5 हजार, ग्राम हतपान में बोधन साहू जय मां दुर्गा जस झांकी परिवार 10 हजार, ग्राम रवेली में राजू यादव यादव समाज 10 हजार, ग्राम तेलगा में रजनी सेन मां सरस्वती मानस मण्डली 10 हजार, ग्राम देवरबिजा में कोंदी बाई 10 हजार, ग्राम मंगलोर में रूपवती निषाद 5 हजार, ग्राम खमरिया (आर) ढालसिंह साहू जय सरस्वती मानस मण्डली 10 हजार, भिभौरी में संतोष कुमार पाटिल 5 हजार, ग्राम किरीतपुर में ईस्वरी पाल जय महामाया 5 हजार, ग्राम घोटमर्रा प्रकाश यादव यादव समाज 5 हजार, ग्राम बहिंगा में संतोषी साहू जय मां गंगा महिला स्वः सहायता समूह 5 हजार, ग्राम भिभौरी में रामप्यारी साहू 5 हजार, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहें।

संविधान पुस्तिका का नि: शुल्क वितरण

दल्लीराजहरा(नवप्रदेश)। भारत रत्न डॉ.बी.आर.आम्बेडकर द्वारा लिखित भारतीय संविधान पुस्तिका का निःशुल्क वितरण भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश अध्यक्ष बी एस जागृत के मुख्य आथित्य में सम्यक बौद्ध महासभा के डॉ.आम्बेडकर मेमोरियल भवन में किया गया।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी,नगर पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके, सम्यक बौद्ध महासभा अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ महामंत्री रतिराम कोसमा, राजहरा मसीह संगठन सचिव विवेक मसीह, मुस्लिम समाज के नबी खान, सतनाम समाज से टी एल अजगले, निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम पारकर, पटेल समाज अध्यक्ष कोमल पटेल, गोंडवाना समाज के देवेन्द्र उइके, हल्बा समाज से कीर्ति, पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर तथा अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कांडे ने की।कार्यक्रम का शुभारम्भ समस्त अतिथियों द्वारा डॉ बाबा साहेब एवं तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित तथा माल्यार्पण व सामूहिक त्रिशरण व पंच शील वंदना कर किया गया।

भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश अध्यक्ष बी एस जागृत ने अपने उद्बोधन में संविधान की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किये साथ ही साथ विभिन्न अनुच्छेदों की व्याख्या कर बताया कि भारतीय संविधान भारत ही नही अपितु विश्व के सम्पूर्ण देशों के लिए अनुकरणीय है। आभार व्यक्त करते हुए भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कान्डे ने कहा कि भारतीय संविधान लिखित संविधान है। यह संविधान सजग प्रहरी और समस्त अधिकारों का सुरक्षा कवच है। संविधान से ही हमारे देश के समस्त नागरिकों के मौलिक अधिकार, स्वतंत्रता, बंधुत्व, न्याय, समानता, अवसर, व्यक्ति की गरिमा, प्रतिष्ठा, देश की अखंडताऔर एकता एवं शान्ति निहित है। उक्त अवसर पर महाप्रज्ञा बुद्ध विहार अध्यक्ष बी आर भैसारे, बी एल बौद्ध, अनिल रामटेके, रमेश भगत, संतोष मेश्राम, सुरेन्द्र मेश्राम, अजय बनसोडे, कुशल ठाकुर, गोरे लाल बाम्बेश्वर, नमन खोब्रागडे, हितेश डोंगरे, मनोज खोब्रागडे, शकील खान, इमरान खान, सोमनाथ उइके, आर बी गेंदले, कृष्णा मूर्ति रामटेके, दिलीप मेश्राम, विजय वैदे, परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्य कर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

टेकाम ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा और आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज भोरमदेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव से प्रदेश एवं देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संभाग-02 रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9827175003
निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञापन क्र.-288

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग- 02 रायपुर अंतर्गत सामान्य आवास कॉलोनी, कचना फेस-2, रायपुर में टैंकर से पेयजल प्रदाय हेतु 01 नग मैन्युअल निविदा तथा सामान्य आवास कॉलोनी, शंकर नगर सरहद, फेस-2, रायपुर के रख-रखाव कार्य हेतु 01 नग मैन्युअल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कुल 02 कार्यो की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर है। उपलब्ध अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग-02 मौलश्री विहार, पुरैना रायपुर में संपर्क करें।

सं.-36814/2 | कार्यपालन अभियंता

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कुमार बाई ध.प. स्व दुखित राम यादव साकिन राजीव नगर दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न 19 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नंबर 715/67 रकबा 0.009 हे..जो उसके स्व. दुखित राम यादव के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/05/2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक के.व्ही सैमयुल अन्य पिता थॉमस व गौस निवासी ग्राम से-07 भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 168/23 रकबा 0.022 हें भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खाातेदार एलिस सैम्युल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस कि सी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/05/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम स इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग छ.ग.

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक तिलक पटेल वगैरह आ स्व. खिलावन पटेल साकिन पोटियाकला दुर्ग ग्राम बोरसी प.ह.न .. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख. नंबर 20/2, 276/4, 327/2 रकबा 0.121, 0.04, 0.081 हे..जो उसके स्व. खिलावन पटेल के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10/05/2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

20230410040025/
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका सरोज खत्री आ / पति मनोज कुमार खत्री निवासी प्रगति नगर रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 274/358 रकबा 0.0465 हें 5000 वर्गफीट (**व्यवसायिक**) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक **03/04/2023** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

202304100400028
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका उषा सराफ अन्य 09 आ / पति विजय कुमार सराफ निवासी- प्रियंका नगर रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 651/1/3 रकबा 0.004 हें 470 वर्गफीट (**आवासीय**) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उ्दघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक **03/04/2023** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
ईश्तहार

रा.क्र.क्र. वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि शंकर दयाल पाण्डेय आ स्व राकेश कुमार पाण्डेय साकिन मोहन नगर दुर्ग द्वारा ग्राम बोरसी प.ह.न 23 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नंबर 381/20,331/78 रकबा 0.232 हें 0.232 हें भू रा. ... रूपयें से संबधित ऋण पुस्तिका गुम हो के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10/05/2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दिव्या शर्मा पति स्व. नवनीत शर्मा निवासी ग्राम कांकेर तहसील ... जिला कांकेर के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1229/24 रकबा 0.0140 हें भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खाातेदार नवनीत शर्मा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08/05/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम स इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील | तहसीलदार दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

202304100400047
अ -2 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका उषा सराफ अन्य 01 आ./पति विजय कुमार सराफ निवासी प्रियंका नगर रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तहसील व जिला दुर्ग के स्थित भूमि खसरा नंबर 650/12 रकबा 0.03 हें 3560 वर्गफीट (**आवासीय**) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2) के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उ्दघोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक **03/04/2023** को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 29.05.2023

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 29.05.2023 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
श्री दुईज राम साहू पिता- धनू राम साहू	स्वामित्व- श्री दुईज राम साहू पिता- धनू राम साहू, खसरा नं. 275/1, प.ह.नं. 04, ग्राम- रसेड़ी, आरएन- लटुवा, तहसील- बलौदा बाजार, जिला- बलौदा बाजार छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 0.029 हेक्टेयर (3045 वर्गफीट) में स्थित आवासीय भवन भूमि। चौहद्दीः उत्तर- अग्रवाल की भूमि, दक्षिण- गली, पूर्व- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम- नकुल की भूमि.	09.09.2022 / 15.03.2023 / ₹ 13,76,742.43 26.04.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 13,60,000/- / ₹ 1,36,000/- / ₹ 10,000/-	श्री शहबाज हुसैन (मो. 9516009437) बलौदा बाजार शाखा 209272434 CNRB0005147 cb5147@canarabank.com
मेसर्स साई ट्रेडर्स, प्रोप. श्री निर्भय नायक, पिता- राजगुलापी नायक	स्वामित्व- श्री देवानंद नायक पिता- राजगुलापी नायक, शॉप नं. 61, खसरा नं. 613/44, ग्राम- [illegible], आरआईसी- पटेवा, तहसील व जिला- महासमुंद, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 165.00 वर्गफीट में स्थित वाणिज्यिक भवन व भूमि। चौहद्दीः उत्तर- रोहित पटेल का शॉप नं. 60, दक्षिण- सुरेश देवांगन का शॉप नं. 62, पूर्व- खाली, पश्चिम- सड़क.	29.03.2022 / 23.06.2022 / ₹ 14,22,350.47 26.04.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि	₹ 11,50,000/- / ₹ 1,15,000/- / ₹ 10,000/-	श्री सागर ज्योतिषी (मो. 9516009455) महासमुंद शाखा 209272434 CNRB0005262 cb5262@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार रहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 27.05.2023 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 27.05.2023 को सायं 5.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: eauction@ccsl.co.in पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआईसी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 29.04.2023 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 28.04.2023 | प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

क्या सुनील ग्रोवर की होगी 'द कपिल शर्मा' में वापसी

मुंबई। 'द कपिल शर्मा' शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इस प्रोमो में Kapil Sharma, अर्चना पूरन सिंह, कृष्णा अभिषेक से लेकर सुमोना चक्रवर्ती और राजीव ठाकुर जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। सभी अपने अपने किरदार में हैं। 'सपना' बनकर कृष्णा अभिषेक राजीव ठाकुर की टांग खींचते हैं। और ऐसा कुछ कहते हैं जिसे सुनने के बाद फैंस कयास लगाने लगे कि क्या सुनील ग्रोवर की शो में वापसी होने वाली है।

वीडियो में कपिल Krushna Abhishek से कहते हैं, 'सपना तू आ गई! सच में बड़ अच्छा लग रहा है।' इस पर कृष्णा कहते हैं, 'थैंक्यू कप्पू। तेरे को मालूम है कप्पू, ये सीजन आने वाले ही है। मैं आ गई सिद्धू जी भी आ गए। धीरे धीरे सब पुराने वाले लोग आने वाले हैं।' इस बात को सुन ऋढ्ढद्भद्ब1 ब्लद्भड्ड्डह्मह्ल कहते हैं, 'अरे तुम इतना खुश मत हो। क्योंकि ज्यादा पुराने लोग आ गए तो तुम भी चली जाओगी।'

इस प्रोमो को देख यूजर्स कमेंटबाजी करने लगे। तुरंत कहने लगे कि सुनील ग्रोवर को वापस लाना चाहिए। वह शो की जान थे। हालांकि ऐसी कोई कंफर्म जानकारी नहीं है कि मेकर्स सुनील ग्रोवर को लाने का सोच रहे हैं।

जबरदस्त एक्शन और दमदार ट्विट्स वाली वेब सीरिज है सिटाडेल

मुंबई। सटिाडेल एक स्वतंत्र खुफिया जासूसी एजेंसी है, जो किसी खास देश के लिए काम नहीं करती। यह एजेंसी धरती पर किसी भी देश के लोगों की सुरक्षा को समर्पित है। सीरीज की कहानी जहां से शुरू होती है, उससे आठ साल पहले एक शक्तिशाली सिंडिकेट मोनिकोर ने सिटाडेल को खत्म कर दिया। जब सिटाडेल को खत्म किया गया, तब इसके

एजेंट्स के दमिाग को पूरी तरह से वाइप कर दिया गया। यानी वह सबकुछ भूल गए और एक नई पहचान के साथ जीने लगे। सिटाडेल का मूलमंत्र है 'दुनिया में भलाई के लिए आखिरी लाइन में खड़े इंसान तक की रक्षा करना।' एक सेट-अप मिशन पर सटिाडेल के दो टॉप एजेंट्स नादिया सिंह और मेसन केन पर घात लगाकर हमला होता है। जैसे ही दोनों मौत से बाल-बाल बचते हैं, उनसे जुड़े रहस्यों को सुरक्षित रखने के लिए उनकी यादें मिटा दी जाती हैं। कहानी आठ साल बाद आगे बढ़ती है, सिंडिकेट का एक सहयोगी अब मोनिकोर को तबाह करने में नादिया और मेसन की मदद लेता है। लेकिन अब इन दोनों एजेंट्स को भूलने की बीमारी है। पर क्या वो इस मिशन में सफल हो पाएंगे।

'बाहुबली' से हो रही 'पोन्नियिन सेलवन 2' की तुलना

मुंबई। सितंबर 2022 में रिलीज़ हुई 'पोन्नियिन सेलवन 1' ने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़े थे। यह बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर थी। लगता है फिल्म का दूसरा पार्ट भी उसी नक्शेकदम पर चलेगा। मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेलवन 2' 28 अप्रैल को दुनिया भर में रिलीज़ हो गई है। फिल्म देखने वाले फैंस ने ट्विटर पर फिल्म का रिव्यू किया। कई लोगों ने अपने ट्विटर रिव्यू में क्ष्स् 2 को 'भारतीय सिनेमा का एक पूर्ण गौरव' भी कहा। इस बीच, दूसरों को लगा कि यह एसएस राजामौली की 'बाहुबली 2' से बेहतर है। कुल मिलाकर फिल्म को ज्यादातर अच्छे रिस्पॉन्स ही मिल रहे हैं।

टाटा ग्रुप की इस कंपनी का प्रॉफिट 1,000 करोड़ के पार

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी के लिए फाइनेंशियल ईयर 2023 शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी ने 1,053 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड प्रॉफिट कमाया। यह कंपनी के थ्री बेस्ट फाइनेंशियल ईयर के जॉइंट प्रॉफिट से भी अधिक है। इससे पहले फाइनेंशियल ईयर 2022 में कंपनी को 265 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 90 फीसदी उछलकर 5,810 करोड़ रुपये पहुंच गया। चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 86 फीसदी की बढ़त के साथ 1,625.4 करोड़ रुपये और प्रॉफिट 339 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में कंपनी को 72 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था।

इस कंपनी के देशभर में कई होटल हैं जिनमें मुंबई का मशहूर ताज होटल भी शामिल है। आईएचसीएल के एमडी और सीईओ पुनीत चटवाल ने कहा कि पिछले साल कंपनी को जो प्रॉफिट हुआ है वह थ्री ब ेस ्ट फाइनेंशियल ईयर के जॉइंट प्रॉफिट से भी अधिक है। फाइनेंशियल ईयर 2006, 2007 और 2008 में कंपनी का जॉइंट प्रॉफिट 974 करोड़ रुपये रहा था। उन्होंने कहा कि फाइनेंशियल ईयर 2023 में कंपनी ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। इसमें सबसे ज्यादा रेवेन्यू, ऑल टाइम हाई और इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा एबिटा मार्जिन और 1000 करोड़ रुपये से ऊपर प्रॉफिट शामिल है। कंपनी ने अपने इतिहास में पहली बार 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा

मोरपंख के रंगों से सजे रैपिडएक्स स्टेशन

नई दिल्ली। देश के पहले रीजनल रेल कॉरिडोर पर रैपिडएक्स स्टेशनों का काम करीब-करीब पूरा हो गया है। ये रैपिडएक्स स्टेशन हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। वजह है इसकी डिजाइन और रंग। इन रैपिडएक्स स्टेशनों को मोरपंख की तरह सजाया गया है। यहां स्टेशनों के बाहरी फसाड को नीले रंग के शेड्स और बेज रंग में रंगा गया है। ये स्टेशन दिखने में काफी सुंदर लग रहे हैं। इन स्टेशनों की बाहरी छत के दोनों किनारे उठे हुए हैं। रीजनल रेल कॉरिडोर पर दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक पांच स्टेशन करीब-करीब तैयार हो चुके हैं। दुहाई डिपो, दुहाई, गुलधर, गाजियाबाद, साहिबाबाद स्टेशन के बाहरी फसाड के रंग राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित हैं। देश की पहली रीजनल रैपिड रेल 'रैपिडएक्स' के सभी स्टेशन मोरपंख के रंगों से सजे हैं। फसाड को नीले रंग के दो शेड्स और बेज़ रंग में बनाया गया है। रीजनल रेल कॉरिडोर पर जल्द ही पहले फेज में रैपिडएक्स का संचालन शुरू हो सकता है। दुहाई डिपो से साहिबाबाद तक 5 स्टेशन लगभग तैयार हैं। रैपिडएक्स स्टेशनों को हवादार और खुला बनाया गया है। यहां आसानी से प्राकृतिक रोशनी से आ सकती है। स्टेशनों की दीवार के लिए बेज रंग के छिद्रित पैनल लगाए गए हैं। रेलिंग के साथ-साथ बेज रंग के लूव्र भी लगाए गए हैं।

Indus Towers समेत तीन शेयरों में धमाकेदार तेजी

नई दिल्ली। आईटी शेयरों में काफी दिनों बाद आज तेजी दिख रही है लेकिन फाइनेंशियल शेयरों की कमजोरी के कारण घरेलू शेयर मार्केट शुक्रवार को फ्लैट बने रहे। एक्सिस बैंक के नतीजों की घोषणा के बाद बैंकिंग शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। आईटी कंपनियों और पब्लिकली ट्रेडेड बैंक्स में एक फीसदी से भी अधिक तेजी रही।

120 अरब रुपये के शेयरों के बायबैक को मंजूरी मिलने के बाद विप्रो के शेयरों में तीन फीसदी से अधिक तेजी आई है। आईटी इंडेक्स में इस शेयर में सबसे ज्यादा तेजी आई है। मार्च तिमाही में कंपनी के प्रॉफिट में मामूली गिरावट आई है।

बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स में इस महीने अब तक तीन फीसदी से अधिक तेजी आ चुकी है। नवंबर 2022 के बाद उसके लिए यह सबसे अच्छा महीना रहा है। 28 अप्रैल, 2023 को इन शेयरों पर नजर रखें।

चेन्नई को हराकर तालिका में शीर्ष पर पहुंची रॉयल्स

जयपुर। होनहार सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (43 गेंद, 77 रन) के विस्फोटक अर्द्धशतक के बाद रविचंद्रन अश्विन (35/2) और ऐडम ज़ैम्पा (22/3) की स्पिन जोड़ी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स पर 32 रन की दमदार जीत दर्ज की। जायसवाल ने 43 गेंद पर आठ चौकों और चार छक्कों के साथ 77 रन बनाकर रॉयल्स को 202 रन तक पहुंचाया, जो सवाई मानसिंह स्टेडियम पर सबसे बड़ा आईपीएल स्कोर है। इसके जवाब में चेन्नई शिवम दूबे (33 गेंद, 52 रन) के आतिशी अर्द्धशतक के बावजूद 170 रन तक ही पहुंच सकी। दूबे ने 33 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों के साथ 52 रन बनाकर अंत तक चेन्नई के लिये संघर्ष किया। चेन्नई को 12 गेंद में 46 रन की जरूरत थी। जेसन होल्डर ने 19वें ओवर में मात्र नौ रन देकर चेन्नई को मैच से बाहर कर दिया। रॉयल्स आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ 10 अंक अर्जित करके तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है, जबकि चेन्नई इतने ही मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष से फिसलकर तीसरे पायदान पर आ गयी है। गुजरात टाइटन्स सात मैचों में 10 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।

रॉयल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और जायसवाल ने मेजबान टीम को धुआंधार शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने पहले ही ओवर में आकाश सिंह को तीन चौके जड़कर अपना खाता खोला, जबकि बटलर ने अगले ओवर में उनका साथ देते हुए तुषार देशपांडे को दो चौके जड़े। जायसवाल ने तीसरे ओवर में आकाश के खिलाफ 18 रन जोड़े और रॉयल्स ने इस तरह पावरप्ले में 64 रन बना लिये।

जायसवाल-बटलर ने पहले विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी करके रॉयल्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रवींद्र जडेजा ने बटलर (21 गेंद, चार चौके, 27 रन) को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी, लेकिन जायसवाल ने दूसरे छोर से रन बटोरना जारी रखा।

युवा वामहस्त बल्लेबाज ने कप्तान संजू सैमसन के साथ दूसरे विकेट के लिये 39 रन की साझेदारी की, हालांकि देशपांडे ने 14वें ओवर में दोनों बल्लेबाजों को आउट करके रॉयल्स की रनगति पर कुछ देर के लिये लगाम लगा दी। सैमसन 17 गेंद पर एक चौके की मदद से 17 रन ही बना सके, जबकि उनके बाद शिमरन हेटमायर भी 10 गेंद पर आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

रॉयल्स 15 ओवर में 139 रन तक ही बना सकी थी, लेकिन ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल की आक्रामक बल्लेबाजी ने मेजबान टीम को 200 रन के पार पहुंचा दिया। जुरेल और पडिक्कल ने पांचवें विकेट के लिये 20 गेंद पर 48 रन की साझेदारी की। जुरेल 15 गेंद पर तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि पडिक्कल 13 गेंद पर चार चौकों की मदद से 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

चेन्नई के सबसे किफायती गेंदबाज महीष तीक्षणा ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि जडेजा ने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट चटकाया। देशपांडे ने सर्वाधिक दो सफलताएं हासिल कीं लेकिन उनके चार ओवर में रॉयल्स ने 42 रन बटोरे। मथीशा पथिराना चार ओवर में 44 रन देकर चेन्नई के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए।

एसआरएच को सुंदर झटका वॉशिंगटन टूर्नामेंट से आउट

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 प्वॉइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद टीम को एक और बड़ा झटका लग गया है। टीम के स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते सीजन के बचे हुए मैचों से बाहर हो गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसकी आधिकारिक घोषणा की, हालांकि उनके रिप्लेसमेंट को लेकर फिलहाल कोई ऐलान नहीं किया गया है। बता दें कि सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सीजन में कुल सात मैच खेले हैं, जिसमें से महज दो मैचों में उन्हें जीत मिली है। चार प्वॉइंट्स के साथ सनराइजर्स हैदराबाद प्वॉइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर 9वें पायदान पर है। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 7 रनों से हराया था। पहले 6 मैचों में वॉशिंगटन सुंदर ने एक भी विकेट नहीं लिया था, लेकिन इसके बाद पिछले मैच में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 3 विकेट चटकाए थे। वॉशिंगटन सुंदर ने आईपीएल में अभी तक कुल 58 मैच खेले हैं और इस दौरान उन्होंने कुल 378 रन बनाए हैं और 36 विकेट लिए हैं। वॉशिंगटन का चोटिल होना सनराइजर्स हैदराबाद के लिए बहुत बड़ा झटका है।

वेदांता लिमिटेड के एल्यूमिनियम व्यवसाय को मिला एएसआई प्रदर्शन मानक प्रमाण पत्र

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम को एल्यूमिनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) की ओर से एएसआई प्रदर्शन मानक प्रमाणपत्र दिया गया है। एएसआई की घोषणा के अनुसार यह प्रमाणपत्र ओडिशा के झारसुगुड़ा में विषेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के अंतर्गत स्थित वेदांता एल्यूमिनियम के स्मेल्टर और कैप्टिव विद्युत संयंत्र को प्रदान किया गया। वेदांता एल्यूमिनियम देश में प्राइमरी एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी है। व्यापक मल्टी-स्टेकहोल्डर परामर्श प्रक्रिया के जरिए विकसित एएसआई प्रमाणन कार्यक्रम एल्यूमिनियम मूल्य श्रृंखला के क्षेत्र में एकमात्र समग्र सस्टेनिबिलिटी मानक पहल है। एल्यूमिनियम मूल्य श्रृंखला में

सस्टेनिबिलिटी के मुद्दों को हल करने के उद्देष्य से एएसआई प्रदर्षन मानक व्ही2 (2017) के अंतर्गत पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस के सिद्धांतों और मानदंडों को परिभाषित किया गया है। यह पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस के तीन सस्टेनिबिलिटी स्तंभों के तहत 59 मानदंड निर्धारित करता है जिसके तहत जैव विविधता, श्रम अधिकारों, स्थानीय नागरिकों के अधिकारों और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन जैसे प्रमुख मुद्दों के हल की दिषा में उपाय ढूंढे जाते हैं। वेदांता एल्यूमिनियम के एसईजेड स्मेल्टिंग सुविधा का स्वतंत्र और थर्ड-पार्टी ऑडिट एसईटीआईजेडआईओएन वेरिफिका द्वारा किया गया। एएसआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिओना सोलोमन ने वेदांता एल्यूमिनियम के स्मेल्टर को एएसआई प्रदर्शन मानक (व्ही2) प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि ''कंपनी द्वारा अपनी एल्यूमिनियम उत्पादन प्रक्रियाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल, ड्रॉस से एल्यूमिनियम प्राप्त करने और संयंत्र स्तर पर अनेक नवाचारों के जरिए कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिषा में कदम उठाए गए हैं। पीएसआई प्रमाणपत्र वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा व्यापक ईएसजी मुद्दों के हल की दिषा में उसकी प्रतिबद्धता का द्योतक है।''

एशियन पेरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप के लिए श्रीमंत झा का चयन

रायपुर। यू. ए. ई में पी. आई. यू. एच कैटेगरी के80 kg कैटेगरी में 28 अप्रैल से 03 मई तक आयोजित होने वाली एशियन पेरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ के भिलाई के पैरा एथलीट श्रीमंत झा का चयन हुआ है। पैरालंपिक श्रीमंत अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेकर छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश का मान बढ़ाएंगे।

झा स्कूल स्तर पर फुटबॉल खेलना चाहते थे लेकिन उनके दाहिने हाथ के काम न करने के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया था। फिर उन्होंने पास के एक जिम में दाखिला लिया और पैरा-कुश्ती सीखी और अभ्यास करना शुरू किया। गौरतलब है कि श्रीमंत झा इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके है। पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा वर्तमान में एशिया के नंबर एक खिलाड़ी हैं और विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी है विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रीमंत झा देश के लिए 40 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।। श्रीमंत झा ने कहा है कि कम उम्र में उन्हें जिस अस्वीकृति का सामना करना पड़ा, उसने उन्हें एथलीट बनने के लिए प्रेरित किया। नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के रहने वाले 29 वर्षीय युवक को

पहली बार रिजेक्शन का सामना तब करना पड़ा जब वह दसवीं कक्षा में था। 'जब मैं 10वीं क्लास में था, तब मैं इंटर-स्कूल फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहता था। 200 खिलाड़ी थे और मैंने शीर्ष-22 में जगह बनाई, लेकिन बाद में मेरी विकलांगता के कारण खारिज कर दिया गया, झा ने इसे अपने जीवन का टर्निंग प्वाइंट बताया। उन्होंने कहा, 'उस वक्त मैंने सोचा था कि मैं अपने देश के लिए मेडल जीतूंगा। मैंने कड़ी मेहनत की और अब नतीजे सबके सामने हैं।' मुझे कॉलेज कैंपस के दौरान कई निजी संगठनों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था क्योंकि मैं एक विकलांग व्यक्ति हूं और सैकड़ों प्रयासों के बाद एमएनसी जिंदल स्टील एंड पावर कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूं। बता दे की इस उपलब्धि में जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन श्री नवीन जिंदल ने भी श्रीमंत झा को बधाई देते हुए और अच्छे प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाये दी.

क्योंकि रखा ख्याल
किसान हमारे सबसे खुशहाल
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
9,270 करोड़ रु
का अल्पकालीन कृषि ऋण माफ़
राजीव गांधी किसान न्याय योजना
23.23 लाख किसानों को 18,208 करोड़ रु की आदान सहायता
325 करोड़ रु
का सिंचाई कर माफ़
राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना
4.98 लाख हितग्राहियों को 476.67 करोड़ रु की आर्थिक सहायता
4,200 एकड़
आदिवासियों की कृषि भूमि वापस
गोधन न्याय योजना
ग्रामीणों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 430 करोड़ रु की राशि
पहली बार 3 लाख तक का बिना ब्याज का अल्पकालीन ऋण
10,400 करोड़ रु
की सिंचाई पर बिजली बचत
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
संवाद – 36779
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in